हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पितृशोक, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, छग के मंत्री सहित दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि...

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव समेत कई वरिष्ठ मंत्री और नेता भुवनेश्वर में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के निवास पहुंचे । सभी ने उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय देवेंद्र प्रधान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल , पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और विधायक सुशांत शुक्ला ने भी स्वर्गीय देवेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

खबर संक्षेप

पूर्व सीएम के खेत में चोरी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खेत में लगे बोर पंप की केबल वायर को काटकर चोरी कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में केबल वायर जब्त किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पाचन निवासी मोहन लाल जांगड़ेपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खेतों में काम करता है। उसने सिकोला खार के खेत में पानी देने के लिए पाइप को बिछाकर बोर लगाया था। इसके लिए उसने केबल वायर काफी लंबी लगाई थी। 30-31 जनवरी की रात अज्ञात चोर ने केबल वायर के साथ ही सब्बल और ड्रम चोरी कर पार किया था। शिका.त के बाद पुलिस आरोपियों की खोज में जुटी रही। रविवार 22 मार्च को गश्त के दौरान ग्राम रूही में बाइक 04 पीएल 4279 का चालक संदिग्ध रूप से दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक को रोका और उसकी तलाशी ली गई तो उसमें डिक्की के भीतर हथौड़ी, पेचकस, आरी पत्ती मिला। संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम मनोहर मारकंडे होना बताया है।

जमीन बंटवारे को लेकर हमला, तीन गंभीर

भिलाई। परिवार के जमीन बंटवारे को लेकर जमकर चला लाठी, टंगिया चलने का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अदालत लकड़ी मिल के मालिकों अदालत चौहान के 4 बेटे नरेश चौहान, कैलाश चौहान, संजय चौहान, गणेश चौहान हैं। अदालत चौहान की मौत के बाद चारों बेटों में संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया। गणेश चौहान के बेटे जितेंद्र चौहान के मुताबिक उनके बीच यह विवाद 15 सालों से चला आ रहा है। उसके पिता के तीन भाई नरेश, कैलाश, संजय चौहान मिलकर उसके पिता को संपत्ति का हिस्सा नहीं देना चाहते हैं।

व्यापारी से लूट, कैमरे से मिला आरोपियों का सुराग

राजनांदगांव। शहर के व्यापारी से धमतरी क्षेत्र में हुए लूट के मामले में पुलिस द्वारा संचालित एनपीआर कैमरे से महत्वपूर्ण सुराग मिला है। इस मामले में आरोपी पकडे गए, जिन पर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 मार्च को प्रार्थी पुरोषतम साहू निवासी राजनांदगांव द्वारा अपने सेठ सागर गांधी निवासी गंज चौक शांति अपार्टमेंट राजनांदगांव के घर से 20,00,000 रुपए नगद लेकर धमतरी के व्यापारी निर्मल जैन के यहां मारूति सेलेरियों कार से ड्राइवर व एक अन्य के साथ छोड़ने के लिए जा रहा था। दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम पोडियाडीह में एक स्कार्पियों वाहन के चालक द्वारा प्रार्थी के गाड़ी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर रूकवा दी गई।

शिक्षकों के अभाव में नए कालेजों की मान्यता अक्सर आ जाती है खतरे में

नए सरकारी मेडिकल कालेजों में फैकल्टी का अकाल

रायपुर समेत छह कालेज में अतिरिक्त पोस्टिंग का बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार खोले जा रहे नए सरकारी मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षा विभाग आवश्यकता के अनुसार फैकल्टी की भर्ती नहीं कर पा रहा है। चिकित्सा शिक्षकों के अभाव में इन कालेजों की मान्यता अक्सर खतरे में आ जाती है। दूसरी ओर रायपुर समेत छह शासकीय कालेजों में अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक पदस्थ हैं। कालेजों में सबसे ज्यादा डिमांड प्राध्यापक ही जिससे सबसे ज्यादा 7 शिक्षक जेएन कालेज के 6 विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं।

राज्य में वर्तमान में 10 शासकीय कालेज सक्रिय हैं और आने वाले दिनों में 4 नए कालेज प्रारंभ हो जाएगा। इन कालेजों के संचालन और वहां एडमिशन लेने वाले चिकित्सा छात्रों की पढ़ाई के लिए काफी संख्या में शिक्षकों की आवश्यकता होगी। हाल ही में खुले नए मेडिकल कालेजों में अभी भी फैकल्टी की विकराल समस्या बनी हुई है। चिकित्सकों की कमी के कारण इन कालेजों को मान्यता दिलाने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को हर बार काफी जोड़ तोड़ करना पड़ता है। राज्य में कुछ कालेजों को छोड़ दिया जाए तो शेष में स्वीकृत पद की तुलना में आधे शिक्षक पदस्थ हैं। दूसरी ओर प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में विभिन्न विभाग में कुल 16 प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं। बिलासपुर शासकीय कालेज में तीनों पदों के कुल 3 अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक पदस्थ हैं। वहीं रायगढ़, कांकेर, कोरबा, महासमुंद के शासकीय मेडिकल कालेज में एक-एक सहायक प्राध्यापक काम कर रहे हैं। जानकार लोगों का कहना है कि इनकी नियुक्ति अगर अन्य कालेजों में की जाती है, तो वहां की स्थिति काफी कुछ सुधार हो सकता है।

- प्राध्यापक की डिमांड ज्यादा रायपुर कालेज में सात शिक्षक अतिरिक्त

जानकारी मांगी गई

जिन कालेजों में अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक कार्यरत हैं उनकी जानकारी मांगी गई है। उनकी नियुक्ति जरूरत वाले मेडिकल कालेजों में किए जाने का प्रयास किया जाएगा।

- डॉ. यूएस पैकरा, संचालक, चिकित्सा शिक्षा

यहां अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक

- जीएमसी रायपुरः-प्राध्यापक- मेडिसीन, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पैथोलॉजी, निश्चेतना में 1-1 तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में 2 अतिरिक्त, सह प्राध्यापक- त्वचा रोग, ईएनटी, कम्युनिटी मेडिसिन में 1-1 तथा एनाटामी विभाग में 2 अतिरिक्त, सहायक प्राध्यापक- स्त्री एवं प्रसूति रोग, रेडियोलॉजी में 1-1 तथा पैथोलॉजी में 2 अतिरिक्त।
- सिम्स बिलासपुरः- मेडिसीन में 1 प्राध्यापक, माइक्रोबॉयलॉजी में 1 सह प्राध्यापक, शिशु रोग विभाग में एक सहायक प्राध्यापक अतिरिक्त।
- रायगढ़ में 1 अतिरिक्त सह प्राध्यापक त्वचा रोग विभाग, कांकेर में फार्माकोलॉजी विभाग में 1 सह प्राध्यापक, कोरबा में 1 एनाटामी विभाग में 1 सह प्राध्यापक तथा महासमुंद माइक्रोबॉयोलॉजी में 1 सह प्राध्यापक अतिरिक्त कार्यरत हैं।

रायपुर का मोह..

सूत्रों का कहना कि शासकीय मेडिकल कालेज में कई चिकित्सा शिक्षकों सालों से जमे हुए हैं। यहां तक उनका विभागीय स्तर पर होने वाले तबादले को भी जोड़ तोड़ कर कैंसिल करवा लिया जाता है। दावा यह भी किया जाता है कि रायपुर मेडिकल कालेज सुविधाओं से पूर्ण होने के साथ सबसे पुराना है। इसकी वजह से यहां पदस्थ चिकित्सा शिक्षक दूसरे कालेजों में नहीं जाना चाहते। इसकी वजह से अन्य कालेजों शिक्षकों की कमी हमेशा बनी रहती है।

लगातार बढ़ रहीं एमबीबीएस की सीटें

प्रदेश में नए कालेज खुलने के साथ एमबीबीएस की सीटों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले दिनों में कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, जांजगीर-चांपा एवं दंतेवाड़ा में नया चिकित्सा महाविद्यालय खुलने से लगभग 400 सीटों की बढ़ोतरी होगी। वर्तमान में शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में 230, बिलासपुर में 180, जगदलपुर में 125, रायगढ़ में 100, राजनांदगांव में 125, अंबिकापुर में 125, कांकेर में 125, महासमुंद में 125, कोरबा में 125 तथा दुर्ग कालेज में 200 सीटें है। करीब 6 कालेज में पीजी की सीटों का संचालन किया जाता है।

धान में मिट्टी मिलाने के मामले में जांच पूरी, सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलाए जाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारियों की टीम ने स्थल पर पहुंचकर मौके पर मौजूद सारे जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों का बयान लिया है। बयान में धान मे मिट्टी मिलाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई है। खबर है कि खाद्य विभाग ने जांच रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को सौंप दी है। हालांकि कलेक्टर ने रिपोर्ट का अवलोकन नहीं किया है। उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट के अवलोकन के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। बता दें कि दुर्ग जिले के कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में पांच दिन पहले अनोखा घोटाला सामने आया था। हरिभूमि ने इस पूरे मामले में खुलासा किया था। कोड़िया संग्रहण केंद्र में वजन बढ़ाने के लिए मिट्टी मिलाई जा रही थी। मौके पर नियमित रूप से मिट्टी से भरे हाइवा पहुंच रहे थे। इसका स्थानीय कर्मचारियों ने वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ था। जब संग्रहण केंद्र के अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मिट्टी पौधे लगाने के लिए मंगाई गई है, लेकिन वहां एक भी पौधा नहीं दिखा। मार्कफेड के अधिकारी भी चुप्पी साधे रहे। बाद में कलेक्टर के निर्देश पर इस पूरे मामले में जांच शुरू हुई।

हरिभूमि फॉलोअप

जांच हुई पूरी

संग्रहण केंद्र के कर्मियों का बयान लिया गया है। जांच पूरी कर ली गई है। अवलोकन के बाद जो भी दोषी पाया जाता है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

-अभिजीत सिंह, कलेक्टर दुर्ग

सौंपी गई रिपोर्ट

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में जांच की है। उन्होंने संग्रहण केंद्र में मौजूद सारे कर्मियों का बयान लिया है। वायरल वीडियो का भी परीक्षण किया है। रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

भौमिक बघेल, डीएमओ

मुझे मुख्यमंत्री पर भरोसा है, किसी चीज की कमी नहीं होने देंगे, मुझे किसी गॉड फादर की जरूर नहीं

***रायपुर।** अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत का कहना है रायपुर में काम कराने के लिए मुझे किसी गॉड फादर की जरूरत नहीं है। मुझे अपने आप पर भरोसा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हमारे संभाग के हैं। भरोसा है कि अंबिकापुर के विकास के लिए वे किसी भी चीज की कमी होने नहीं देंगे। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की उनसे हुई बाचचीत के अंश प्रस्तुत हैं।*

नए महापौर नई बात

▶ **कैसा महसूस कर रही हैं आप?**

▶▶ 11 साल पहले यहां तक नहीं पहुंच पाई थी, लेकिन अब पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुए हैं तो अच्छा लग रहा है।

▶ **पहले जो महापौर रहे हैं, वो दस साल तक महापौर रहे, आपकी क्या योजना है?**

▶▶ अभी तो पांच साल की योजना बनाई गई है। यहां पर दस साल तक अजय तिर्की महापौर थे। उनके कार्यकाल में बहुत से काम नहीं हुए हैं। हम शहर के विकास की योजना पर काम करेंगे। उनके कार्यकाल में सड़कों में गड्डे थे, अब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तो अंबिकापुर में भी काम हो रहा है। साफ-सफाई से लेकर सभी तरह के काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

▶ **नगर निगम के पास अपना ही भवन नहीं है, काम होंगे, इसका भरोसा कैसे किए जाए?**

▶▶ साल भर के अंदर नगर निगम के अपने भवन में शिफ्ट हो जाएंगे, इसका भरोसा दिलाती हूं।

▶ **यातायात को लेकर यहां पर बड़ी परेशानी है, इसके लिए क्या किया जाएगा?**

▶▶ ट्रैफिक में जो जाम होता है, उसके लिए व्यवस्था कर रहे हैं, यह परेशानी बहुत जल्द दूर हो जाएगी।

▶ **टीएस सिंहदेव उपमुख्यमंत्री भी रहे हैं, बहुत काम हुआ होगा?**

▶▶ मुझे तो इनकी कोई उपलब्धि यहां नजर नहीं आती है। कांग्रेस के शासनकाल में अंबिकापुर में कुछ काम नहीं हुआ है। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो हमें भरोसा है कि फंड की कोई कमी नहीं आएगी और अंबिकापुर का पूरा विकास होगा। सबसे पहले नगर निगम के अधूरे भवन को बनाने का काम किया जाएगा।

▶ **रायपुर में काम हो सके इसके लिए किसी गाडफादर की जरूरत होती है, किसके भरोसे रहेंगी आप?**

▶▶ यह सब कहने की बातें हैं, महिला किसी से कम नहीं है। संघर्ष करते हुए यहां तक पहुंची हूं। मुझे खुद पर भरोसा है, संगठन मुझे साथ लेकर चलेगा, किसी एक व्यक्ति को गाडफादर नहीं बना सकती।

▶ **यानी आपको विधायक राजेश अग्रवाल और मंत्री रामविचार नेताम की जरूर नहीं है?**

▶▶ मुझे संगठन पर भरोसा है। संगठन मेरी मदद करेगा। हमारे संभाग के रहने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय है, मैं सबसे ज्यादा भरोसा उन पर करती हूं। मुझे भरोसा हैर मुख्यमंत्री किसी भी तरह की कमी नहीं होने देंगे।

▶ **क्या-क्या काम करने का फैसला किया है?**

▶▶ सफाई के क्षेत्र में अंबिकापुर को नंबर वन बनाने का काम करना है। और भी बहुत से काम करने हैं। कई योजनाएं बनाईं हैं। सब पर काम करेंगे। सड़कों का काम भी प्रारंभ हो गया है।

▶ **अंबिकापुर निगम में काम ईमानदारी से होता है या बहुत कुछ लोगों को सुधारने की जरुरत है?**

▶▶ मुझे यहां पर जो कमी देखने को मिली है, उसको दूर करने का प्रयास करेंगे। राशन कार्ड बनाने में यहां पर परेशानी होती रही, जनता से मालूम होता था सौ दो सौ रुपए की मांग की जाती थी। इस तरह की बातों को बर्दाश्त नहीं करूंगी, चाहे उसमें नगर निगम के कोई कर्मचारी हो या फिर किसी मामले में आयुक्त ही क्यों न शामिल हो।

हाईकोर्ट ने निलंबन अवधि को ड्यूटी माना शत-प्रतिशत वसूली का आदेश किया रद्द

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कर्मचारी के निलंबन अवधि को ड्यूटी का हिस्सा माना है। साथ ही राज्य शासन के शत-प्रतिशत वसूली के आदेश को खारिज कर दिया है।दरअसल रायगढ़ वन मंडल में वनपाल पद पर कार्यरत दिनेश सिंह राजपूत ने इस मामले में रिट याचिका दायर की थी। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए निलंबन अवधि को ड्यूटी का हिस्सा माना। जस्टिस गुरु ने अपने फैसले में कहा कि अनुशासनात्मक प्राधिकारी, समीक्षा प्राधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी ने निलंबन अवधि को कर्तव्य न मानने की सजा में हस्तक्षेप नहीं किया। यह भेदभावपूर्ण है क्योंकि इसी तरह के अन्य मामलों में निलंबन अवधि को कर्तव्य माना गया था। यह याचिका वनपाल दिनेश सिंह ने अधिवक्ता संदीप दुबे और आलोक चंद्रा के माध्यम से याचिका दायर की थी। उन्होंने प्रधान मुख्य वन संरक्षक के 5 सितंबर 2022 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में बड़े दंड को छोटे दंड में बदला गया था। लेकिन निलंबन अवधि को कर्तव्य नहीं माना गया था। याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख सचिव के उस आदेश पर भी सवाल उठाया था।

- वनपाल की याचिका पर हुई सुनवाई

यूजीसी नियमों की अनदेखी, अटल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में यूजीसी के नियमों को दरकिनार कर प्रोफेसर की भर्ती पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मामले में यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। याचिका में नियुक्ति में यूजीसी नियमों की अनदेखी करते हुए अयोग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार की अनुमति दिए जाने की बात कही गई है।दरअसल, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर (कॉमर्स) के पद पर नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। डा. राजेश कुमार शुक्ला ने भी भर्ती के लिए आवेदन किया। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर को किया शामिल

याचिका के अनुसार अगर कोई आवेदक निजी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से है, तो उसका शैक्षणिक अनुभव तभी मान्य होगा जब उसकी नियुक्ति संवैधानिक चयन समिति के माध्यम से हुई हो लेकिन, यूनिवर्सिटी ने बिना नियम के प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर को भर्ती प्रक्रिया में शामिल कर लिया है। यह यूजीसी रेग्युलेशन 2018 का उल्लंघन है।

15 दिवसीय विशेष अभियान, हैंडपंप और सार्वजनिक नलों की मरम्मत

ग्रीष्मकाल में हर नागरिक को पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ग्रीष्मकाल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक निर्बाध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और जनसहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आने वाले समय में प्रदेश जल संकट की किसी भी स्थिति से सुरक्षित रह सके।

- फील्ड विजिट कर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : साय

मुख्यमंत्री श्री साय मंत्रालय में

आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान प्रदेशभर में पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में पेयजल की उपलब्धता को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता घोषित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संकट की किसी भी संभावना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, ऊर्जा, वन एवं कृषि विभाग को परस्पर तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियां समान रूप से आवश्यक हैं।

जल संरक्षण के उपायों को दें बढ़ावा

जल संरक्षण के प्रभावी उपायों जैसे रिचार्ज पिट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और सौर ऊर्जा आधारित पंपों को तेजी से बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने भूजल के अनियंत्रित दोहन पर सख्त निगरानी रखने और कम जल-खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए, जिससे जल संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

वन्य प्राणियों के लिए जल उपलब्ध हो

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसके लिए स्थानीय भू-प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुरूप जल संरक्षण उपायों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने वन्य प्राणियों के लिए गर्मी के मौसम में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी स्पष्ट निर्देश दिए।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com   रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

पिता बने राहुल, आईपीएल मैच से पहले लौटे थे घर

नई दिल्ली। भारत और दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल सोमवार को पिता बन गए हैं। पत्नी आथिया ने लड़की को जन्म दिया है। इसकी जानकारी राहुल और आथिया ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। राहुल लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेले जा रहे आईपीएल 2025 के मुकाबले में खेलने नहीं उतरे थे। वह मैच से ठीक पहले घर लौट गए थे।

1500 वन रक्षकों की भर्ती में घोटाले का शक, केंद्र ने जांच के लिए राज्य को लिखी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

पिछली सरकार में वनरक्षकों के 1500 पदों पर हुई भर्ती में भी गड़बड़ी का शक है, इसीलिए पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर की शिकायत पर केंद्र ने राज्य को चिट्ठी लिखकर मामले की जांच कराने कहा है। शिकायत में हेड ऑफ फॉरेस्ट को टार्गेट किया गया है।

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर की शिकायत के मुताबिक पीसीसीएफ श्रीनिवास राव ने कैंपा के साथ 1500 वनरक्षकों की भर्ती के नाम पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है। इसकी शिकायत उन्होंने जनवरी 2025 में केंद्र सरकार में की थी। उसी शिकायत पत्र के आधार पर केंद्र सरकार ने कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है। अपनी ⏭शेष पेज 5 पर

डेढ़ हजार पदों के लिए सवा चार लाख आवेदन

वन विभाग में 1500 पदों पर नवंबर-2024 से दिसंबर के बीच शारीरिक परीक्षा विभिन्न वनमंडलों में किया गया। कुल सवा चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण हेतु डीएफओ, बालोद, सरगुजा, महासमुंद, जशपुर, कांकेर, रायगढ़, कोरिया, बीजापुर, कवर्धा, राजनांदगांव, कोण्डागांव, जगदलपुर, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, और कोरबा द्वारा लिया गया है।

पूर्व गृहमंत्री ने केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजी थी शिकायत

- केंद्रीय विजिलेंस टीम ने मामले की जांच करने एसीएस के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच रिपोर्ट देने दिए निर्देश

अर्हता नहीं रखने वालों की नियुक्ति

श्री कंवर ने बताया कि श्रीनिवास राव ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अर्हता नहीं रखने वाले लोगों की नियुक्ति की है। कंवर के पत्र पर केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने वन विभाग के प्रमुख सचिव को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। हेड ऑफ फॉरेस्ट से उनके ऊपर लगे आरोपों पर पक्ष जानने मोबाइल से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

फिजिकल टेस्ट में गड़बड़ी का आरोप

फिजिकल टेस्ट लेने निजी संस्था टाइमिंग टेक्नॉलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेट की सेवाएं ली गई थीं। इसके लिए संस्था को 10 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। पूर्व गृहमंत्री ने आरोप लगाया है कि जिस संस्था की फिजिकल टेस्ट लेने सेवाएं ली गईं, उस संस्था ने गोपनीयता का किसी भी तरह का पालन नहीं किया। इसके साथ ही फिजिकल टेस्ट लेने निजी संस्था ने कई जिलों में अपने इक्वीपमेंट नहीं भेजे। इसके कारण अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई। पूर्व गृहमंत्री ने अपने आरोपों में कहा कि फिजिकल टेस्ट सूर्योदय से सूर्यास्त के पहले होना था, लेकिन इसमें समय का ध्यान नहीं रखा गया। फिजिकल टेस्ट देर शाम तक कम रोशनी में लेने का श्री कंवर ने आरोप लगाया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष समारोह में पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति को उम्मीद-वामपंथी उग्रवाद से मुक्ति के साथ छग में लिखा जाएगा स्वर्णिम अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बात पर खुशी जताई कि छत्तीसगढ़ वामपंथी उग्रवाद से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा रहा है। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ को उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त करने के प्रयास में शीघ्र ही सफलता प्राप्त होगी और राज्य के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ेगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की परंपराओं को सराहा

सोमवार को छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती समारोह में भाग लेने पहुंची राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़वासियों को 25 वर्षों की लोकतांत्रिक यात्रा की बधाई दी और विधान सभा की उत्कृष्ट संसदीय परंपराओं की प्रशंसा की। उन्होंने विधान सभा को संस्कृति की संवाहक और नीति निर्धारण की दिशा देने वाला केंद्र बताया। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा अपनाई गई अनुशासित और मर्यादित परंपराओं की ⏭शेष पेज 5 पर

संसदीय परंपराओं में रचा अनुशासन और आदर्श का इतिहास : डॉ. रमन सिंह

विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा को यह गौरव प्राप्त है कि तीसरी बार भारत के राष्ट्रपति ने सदन को संबोधित किया है। इससे पहले स्व. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और ⏭शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति का जीवन पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोतः महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का हृदय से स्वागत करते हुए उन्हें संघर्ष, सादगी और सेवा की प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति का जीवन पूरे देश ⏭शेष पेज 5 पर

छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड एक

द्रौपदी मुर्मू ने आखिर में कहा, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की बात से मैं सहमत हूं कि संबलपुर को जैसे छत्तीसगढ़ का हिस्सा समझते हैं। वैसे ही हम रायपुर को ओडिशा का हिस्सा मानते हैं। परिसीमन की सीमा हो सकती है, लेकिन दिल की कोई दीवार नहीं है। दिल से हम सब एक हैं। छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड एक है। छत्तीसगढ़ का चावल भगवान जगन्नाथ में चढ़ाया जाता है, जिसे पूरे विश्व के लोग खाते हैं। छत्तीसगढ़ के लोग बहुत अच्छे हैं, इसलिए कहा जाता है 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'।

विधानसभा एक आदर्श उदाहरण : राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका ने रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति को अद्वितीय और प्रेरणादायक बताते हुए राज्य की जनता की ओर से उनका हृदय से स्वागत किया। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण उनके दूरदर्शी नेतृत्व और जन-आकांक्षाओं की गहरी समझ का परिणाम था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को राज्य सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में घोषित किया है, जिसमें अधोसंरचना विकास को ⏭शेष पेज 5 पर

लोकतांत्रिक परंपराओं की मिसाल है छत्तीसगढ़ विधानसभाः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेशवासियों की ओर से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा, यह हम सभी का सौभाग्य है कि जब छत्तीसगढ़ विधानसभा अपने गौरवशाली 25 वर्षों का उत्सव मना रही है, तब देश की प्रथम नागरिक हमारे बीच उपस्थित हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2000 में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बने छत्तीसगढ़ का रजत वर्ष संयोग से उनके जन्मशताब्दी वर्ष में पड़ रहा है, जिसे हम अटल निर्माण वर्ष के ⏭शेष पेज 5 पर

रेत की अवैध खनन पर हाईकोर्ट सख्त

कहा- सिर्फ जुर्माना माइनिंग एक्ट के अनुसार एफआईआर क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध रेत खुदाई को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि शपथ पत्र से ही स्पष्ट है कि अवैध रेत खुदाई जारी है, इतने प्रकरण आ रहे हैं तो सिर्फ जुर्माना लगाकर क्यों छोड़ा जा रहा है। जुर्माना लगाने भर से समस्या दूर नहीं होगी। ऐसा करने वाले बड़े लोग हैं, जुर्माना भर देते हैं, उससे 100 गुना कमाते हैं। माइनिंग एक्ट के अनुसार पैनल एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है। कितनी बार जुर्माना लगाकर छोड़ सकते हैं। बार- बार अपराध करने पर गंभीर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कहा गया कि चार सदस्यीय टीम बनाई गई है जो ⏭शेष पेज 5 पर

प्रदेश की नदियों की खुदाई पर सख्ती

अरपा के साथ ही पूरे प्रदेश में नदियों से अवैध रेत खुदाई के मामले में हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने कहा है कि जब माइनिंग एंड मिनरल एक्ट लागू हैं तो इसके अनुसार सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। ऐसा नहीं हो सकता कि कोई बार- बार अवैध माइनिंग करता रहे और उसे जुर्माना लगाकर छोड़ दिया जाए। अवैध खुदाई के कारण निरपराध लोगों की जान जा रही है। तीन बच्चियों समेत कई लोगों की पहले मौत हो गई।

सरकार ने कहा- एफआईआर दर्ज करवाई जा रही

राज्य सरकार की तरफ से बताया गया कि अब अवैध रेत खुदाई और परिवहन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार भी कार्रवाई की जा रही है। हाईकोर्ट ने कहा रेत खनन को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाना होगा।

खबर संक्षेप

बस्तर पंडुम में आ सकते हैं गृहमंत्री शाह

जगदलपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में आ सकते हैं।

इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां चल रहीं है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले दिनों कहा था कि बस्तर ⏭शेष पेज 5 पर

उड़ान योजना में 149 लाख ने की यात्रा

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने राज्यसभा को बताया कि 21

अक्टूबर 2016 को 10 साल की अवधि के लिए शुरू की गई क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) के तहत कुल 625 आरसीएस मार्गों को चालू किया गया है।

बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल पर हादसा, कई ट्रेनें रद्द

अहमदाबाद। अहमदाबाद के निकट बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल पर निर्माण के लिए इस्तेमाल किया

जाने वाला 'सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री' दुर्घटनावश अपनी जगह से हट गया। इसकी वजह से समीपवर्ती रेलवे लाइन पर कई ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई।

बुजुर्ग का ट्रेन से कटा शव बरामद

अमेठी। अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में सहजीपुर हाल्ट के पास सोमवार को एक बुजुर्ग का

ट्रेन से कटा शव बरामद किया गया। गूजीपुर गांव के निवासी भगौती दीन (80) का शव आज सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला है। ट्रेन से कटने से शव क्षत-विक्षत हालत में था।

बलि देने के लिए अगवा दो साल का बालक बरामद

बलरामपुर। यूपी के बलरामपुर जिले में कथित तौर पर तंत्र-मंत्र के नाम पर बलि देने के लिए अपहरण कर

अनाज रखने वाले मिट्टी की डेहरी में छिपाकर रखे गए एक दो वर्षीय बच्चे को बरामद कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गड़ासा एवं छुरा बरामद किया गया है।

देशी-विदेशी शराब दुकानें एक होंगी, अतिरिक्त को जहां जरूरत, वहां शिफ्ट किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में नए वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शराब दुकानों की व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। बताया गया है कि जिस जगह पर देशी और विदेशी दो अलग शराब दुकानें हैं, उन्हें एक करके कंपोजित दुकान बनाई जाएगी। इस तरह एक दुकान अतिरिक्त होगी। इस दुकान को उस जगह खोला जाएगा जहां अभी दुकान नहीं है। इसके साथ ही राज्य सरकार के निर्णय के मुताबिक 67 नई शराब दुकानें भी शुरू की जाएंगी, जहां अब तक शराब उपलब्ध नहीं है। ⏭शेष पेज 5 पर

नए वित्तीय वर्ष में शराब बिक्री और राजस्व बढ़ाने की तैयारी

11 हजार करोड़ का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल

राज्य सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शराब से 11 हजार करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा था। जानकार उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो प्रदेश में अब तक 9 हजार 800 करोड़ रुपयों का राजस्व मिल सकता है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी एक हफ्ता ही बाकी है। ऐसे में 11 हजार करोड़ का ⏭शेष पेज 5 पर

शेयर बाजार में छठे दिन तेजी

निवेशकों को 5 लाख करोड़ का फायदा



एजेंसी ⏭ मुंबई

विदेशी कोषों की खरीदारी और बैंकिंग तथा तेल एवं गैस शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला ⏭शेष पेज 5 पर

- सेंसेक्स की 1079 और निफ्टी 307.95 अंक चढ़ा

इनमें गिरावट

टाइटन के शेयर में 2.68 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, नेस्ले और इन्फोसिस के शेयर में भी गिरावट का रुख देखने को मिला।

केंद्र ने सांसदों के वेतन और पेंशन में की बढ़ोतरी

माननीयों की बल्ले-बल्ले, 24 फीसदी बढ़ी सैलरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र ने सोमवार को संसद सदस्यों के वेतन में लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी की, जो एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मौजूदा सदस्यों के दैनिक भत्ते और पेंशन में भी वृद्धि की गई है तथा पूर्व सदस्यों के लिए पांच साल से अधिक की सेवा पर प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन की घोषणा की गयी है।

सांसद को मिलने वाली सुख-सुविधाएं

सांसदों को वेतन के अलावा कई तरह की अन्य सुख-सुविधाएं भी मिलती हैं। जिनमें कई सुविधाएं उनके परिवार के लोगों के लिए भी होती हैं। इसमें पत्नी के लिए कई फ्री हवाई सफर, असीमित ट्रेन का सफर जैसी सुविधाएं शामिल होते हैं। एक सांसद को 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, 1 लाख 70 हजार फ्री कॉल्स, 40 लाख लीटर पानी, रहने के लिए सरकारी बंगला शामिल होता है।

नए वेतन और भत्ते

सांसदों का मासिक वेतन

पहले	:	1,00,000 प्रति माह
अब	:	1,24,000 प्रति माह

दैनिक भत्ता (संसद सत्र के दौरान बैठकों में भाग लेने पर)

पहले	:	2,000 प्रति दिन
अब	:	2,500 प्रति दिन

पूर्व सांसदों की मासिक पेंशन

पहले	:	25,000 प्रति माह
अब	:	31,000 प्रति माह

अतिरिक्त पेंशन (प्रतिवर्ष एक कार्यकाल के बाद)

पहले	:	2,000 प्रति माह
अब	:	2,500 प्रति माह

चिंतन

वर्ष के अंत तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य कठिन

आज 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के मौके पर भारत में इस रोग के उन्मूलन की स्थिति की विवेचना जरूरी है। प्रति वर्ष टीबी (क्षय रोग) से 3.20 लाख भारतीयों की मौत होती है। भारत दुनिया में सबसे अधिक ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) प्रभावित देशों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, भारत में हर तीन मिनट में दो लोगों की मौत टीबी के कारण होती है। भारत सरकार लंबे समय से टीबी उन्मूलन का अभियान चला रही है। डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024' के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच भारत में टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक औसत 8.3% की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसके बावजूद चालू वर्ष 2025 के अंत तक क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले का है। विश्व के मल्टीड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के 62 फीसदी मरीज भारत में हैं। पिछले छह महीनों में किए गए सर्वे के देश में अनुसार 21% बच्चे (16 वर्ष तक) और 14% वयस्क मामलों में टीबी की पुष्टि हुई है। वहीं, लेटेंट टीबी (जो शरीर में मौजूद होती है लेकिन सक्रिय नहीं होती) के लिए आईजीआरए जांच में 23% बच्चों और 43% वयस्कों में संक्रमण पाया गया। भारत में टीबी के बढ़ते मामलों के मुख्य कारण जानकारी का अभाव, कुपोषण, रहन-सहन में स्वच्छता की कमी आदि हैं। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इस बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं। पल्मोनरी टीबी (फेफड़ों में संक्रमण) के अलावा टीबी बैक्टीरिया ब्लड सर्कुलेशन के माध्यम से शरीर के अन्य अंगों में फैलने वाले एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जल्द जांच और प्रभावी इलाज इससे मुक्ति के उपाय हैं। टीबी की निगरानी और स्क्रीनिंग को और मजबूत किया जाए। टीबी निदान के लिए ट्रिपल-लेयर सत्यापन प्रणाली लागू की जाए। स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि शुरुआती चरण में ही टीबी की पहचान हो सके। सरकार की पोषण सहायता योजना के तहत अप्रैल 2018 से हर टीबी मरीज को 500 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं, पर राशि कम है और योजना का क्रियान्वयन प्रभावी नहीं है। सरकार मुफ्त में दवा भी देती है। सीएजी के मुताबिक, 2018-19 से 2022-23 के बीच कुल 2.60 लाख टीबी मरीजों को 72.24 करोड़ का भुगतान बकाया रहा (नवंबर 2022 तक)। टीबी) एक संक्रामक बैक्टीरियल बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। आमतौर पर यह बीमारी फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी पीड़ित मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। दुनिया के कुल टीबी मामलों का लगभग 26 प्रतिशत भारत में हैं। समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार, मास्क का उपयोग और टीबी मरीज से दूरी बनाए रखना, संक्रमण के खतरे को कम करने में मदद करता है।। टीबी का अधूरा इलाज न केवल मरीज के लिए खतरनाक होता है, बल्कि यह बीमारी को और भी घातक बना सकता है। इसलिए पूर्ण इलाज जरूरी है। भारत सरकार राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है, इसमें जांच व इलाज निःशुल्क है। टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से प्रयास करने की जरूरत है।

विश्लेषण
प्रो. अश्वनी महाजन

पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ बच पाएगा?

डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डब्ल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। यूएस की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है।

90 के दशक में वैश्वीकरण के प्रतीक के रूप में डब्ल्यूटीओ का जन्म हुआ। कहा गया कि दुनिया एक गांव की तरह है, इसलिए न केवल वस्तुओं और सेवाओं बल्कि पूंजी का भी निर्बाध मुक्त प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए; ताकि सभी देशों के लोगों को सबसे सस्ती वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह भी कहा गया कि पूंजी का मुक्त प्रवाह और पर्याप्त उपलब्धता विकासशील देशों में भी विकास की संभावनाओं को बेहतर बनाएगी।

डबल्यूटीओ की खासियत यह थी कि इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संचालन को नियम-आधारित बनाया गया। यानी अगर कोई देश डबल्यूटीओ के समझौतों के मुताबिक व्यवहार नहीं कर रहा है, यानी डबल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ विदेशों से आने वाले सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगा रहा है या बाधाएं या अवरोध लगा रहा है, तो उस देश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि, शुरू से ही विकासशील देश डब्ल्यूटीओ के कथित लाभों को लेकर आशंकित थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि वे टैरिफ और अन्य प्रकार की बाधाओं के माध्यम से अपने उद्योगों और कृषि को विदेशी देशों से अत्यधिक सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों से होने वाली प्रतिस्पर्धा से ठीक से बचा नहीं पाएंगे। इतना ही नहीं, ट्रिप्स, ट्रिम्स, सेवाओं और कृषि, खासकर स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि और किसानों की सुरक्षा और उनके उद्योगों की सुरक्षा से जुड़े समझौतों से होने वाले दुष्प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाना अब संभव नहीं होगा। डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डब्ल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही जो फैसले लिए हैं, उनसे डबल्यूटीओ के पतन की गति और तेज हो गई है। पूरी दुनिया में डबल्यूटीओ के भविष्य को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग डबल्यूटीओ को मानव कल्याण, विकास और सुचारू विश्व व्यापार का प्रतीक मानते थे, वे अब इस बात पर बहस कर रहे हैं कि डबल्यूटीओ कितनी जल्दी खत्म हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्व व्यापार संगठन अब पंगु हो चुका है। विश्व व्यापार संगठन के पंगु होने की प्रक्रिया डबल्यूटीओ के दोहा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शुरू हुए दोहा विकास दौर से शुरू हो गई थी। दोहा सम्मेलन में विकासशील देशों ने यह मुद्दा उठाया कि चूंकि विकसित देश आर्थिक रूप से मजबूत हैं, इसलिए असमान व्यापार के कारण विकासशील देशों में विकास प्रक्रिया बाधित होती है। इसलिए विकासशील देशों के विकास को गति देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही डबल्यूटीओ में दोहा विकास दौर की वार्ता शुरू हो गई। विकसित देशों की इसमें कोई रुचि नहीं थी और उनकी उदासीनता के

कारण दोहा विकास दौर बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गया। भारत समेत विकासशील देश डबल्यूटीओ में जो कुछ हो रहा था, उससे स्पष्ट रूप से निराश थे।

यही नहीं कि विकसित देश विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति उदासीन थे, अमेरिका को यह लगने लगा था कि उसे डबल्यूटीओ से वह सब मिल गया है जो वह चाहता था। उनके कॉरपोरेट अब पहले से कहीं अधिक रॉयल्टी और तकनीकी शुल्क प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि डबल्यूटीओ की स्थापना के बाद बौद्धिक संपदा व्यवस्था ने ज्यादातर अमेरिका की कंपनियों को तरजीह दी, जिनके पास अधिकांश पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार थे। अमेरिकी कंपनियों को विकासशील देशों में निवेश करने के भरपूर अवसर मिले और अमेरिकी कृषि उत्पादों को विकासशील देशों में अभूतपूर्व बाजार पहुंच मिलनी शुरू हो गई। लेकिन 2001 में चीन के डबल्यूटीओ में प्रवेश और उसके आर्थिक उत्थान के बाद, चीनी माल ने अमेरिकी बाजारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और अमेरिका को चीन के साथ विदेशी व्यापार में भारी व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने यह अब यह शिकायत करना शुरू कर दिया कि डबल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली के कारण, वह अन्य सदस्य देशों के साथ कई विवादों में हार रहा है। अतीत में, अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई अन्य संगठनों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को वित्तीय योगदान देता था। लेकिन, जब से डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने, अमेरिका में यह धारणा बनने लगी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से इन संस्थाओं को वित्तपोषित करना अमेरिका के हित में नहीं है। अपनी रणनीति के तहत अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बाधा डाली। इसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटान प्रणाली ही लगभग पंगु हो गई। यह सर्वविदित है कि विवाद निपटान प्रक्रिया विश्व व्यापार संगठन की नियम-आधारित प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके कारण अब सदस्य देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान नहीं रह गया है। यह कहा जा सकता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की उदासीनता के कारण विश्व व्यापार संगठन कमजोर होता जा रहा है।

विश्व व्यापार संगठन के लगातार मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में यह बात स्पष्ट होती रही है कि अमेरिका की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है। लेकिन ऐसे समय में जब चीन को छोड़कर शेष विश्व समेत विकासशील देश अपने बाजारों में चीनी उत्पादों की भरमार के कारण न केवल औद्योगिक विकास के मामले में नुकसान उठा रहे हैं, बल्कि मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण के नाम पर जन स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कानून बनाने की अपनी स्वतंत्रता या संप्रभुता भी खो चुके हैं और विश्व व्यापार संगठन उनके लिए विश्व बाजारों तक पहुंच का एकमात्र साधन बचा है। ऐसे में वे विश्व व्यापार संगठन के सम्मेलनों में इसे प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापस आने के बाद अब विश्व व्यापार संगठन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक मुक्त व्यापार व्यवस्था पर सीधा हमला करना शुरू कर दिया है। वही अमेरिका, जो विश्व व्यापार संगठन की बातचीत और गठन में सबसे आगे था; और दुनिया भर में मुक्त व्यापार का सबसे बड़ा पैरोकार था, अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहा है; और तर्क देते हुए कि चूंकि दुनिया के अन्य देश उच्च टैरिफ लगाते हैं, इसलिए अमेरिका भी उच्च आयात शुल्क लगाएगा, जिसे वह 'पारस्परिक टैरिफ' कहता है। इस टैरिफ युद्ध की घोषणा के साथ, विश्व व्यापार संगठन की प्रासंगिकता खत्म होती जा रही है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू, हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मौसम
सुशील देव

गर्मी बढ़ने के साथ संकट में घिरने लगी है दिल्ली

पर्यावरणीय असंतुलन और लगातार मौसम में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से दिल्ली में गर्मी की आशंका अभी से सताने लगी है। आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मानते हैं कि 21 मार्च 2025 से आसमान साफ होने और चटक धूप पड़ने से गर्मी बढ़ेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के बाद से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू होगी, जिससे मार्च महीने के आखिर तक गर्मी का असर बढ़ेगा। इसलिए जल्द ही दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कहते हैं कि दिल्ली की गर्मी और सर्दी बहुत भयंकर होती है। ऐसे में दिल्ली सरकार पहले से ही सचेत रहना चाहिए। दिल्ली देश की राजधानी है, उस हिसाब से केंद्र सरकार का भी कर्तव्य बनता है कि गर्मी से बचाव के लिए ठोस इंतजाम करना चाहिए। दिल्ली में गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ जाती है, पीने के पानी की समस्या। ज्यादातर जगहों पर तो गंदे पानी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जीवन के इस महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के मद्देनजर पहले दिल्लीवासियों को साफ पानी की सप्लाई सबसे बड़ा मुद्दा होता है। इस बार भी यही होना है। हर गर्मी में यहां जल संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे निपटने में सरकार असफल हो जाती है। इतना ही नहीं, गर्मी के दौरान कई इलाकों में पानी की भारी कमी होती है, वहीं टैंकरों की आपूर्ति में देरी होती है या भ्रष्टाचार के कारण पानी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पानी की कमी वाले इलाकों में टैंकरों से लोगों तक पानी पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पानी की टंकियां लगाने की योजना या तो अधूरी रह जाती है या ठीक से लागू नहीं होती। दिल्ली सरकार ने पिछले साल गर्मियों में कई उपाय नहीं कर पाईं थीं। इनमें राजधानी शहर के अंदर पर्याप्त कूलिंग शेल्टर नहीं तैयार होना प्रमुख रहा। ज्ञात हो कि सार्वजनिक स्थानों पर कूलिंग शेल्टर यानी ठंडी छांव, जल सेवा केंद्र, शीतल स्थल बहुत कम हैं। बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छायादार व्यवस्था की कमी है, जिससे लोग लू का शिकार हो जाते हैं। गर्मियों में एयरकंडीशनर, कूलर और पंखों की जरूरत बढ़ जाती है लेकिन बार—बार बिजली की कटौती होने से भी यहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि, बिजली कंपनियों ने दावा किया है कि इस बार बिजली कटौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गर्मियों में इसबार बिजली की मांग रिकार्ड तोड़ रह सकती है। यह करीब 9 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है।बीआरपीएल के क्षेत्र में 4 हजार मेगावाट, बीवाईपीएल के क्षेत्र में 1900 मेगावाट और टीपीडीडीएल के क्षेत्र में 2562 मेगावाट तक जा सकती है। पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 8656 मेगावाट रही थी। दिल्ली सरकार को कल-कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष राहत प्रदान करने वाली नीतियां बनानी चाहिए। गर्मी के समय में इनके काम के घंटे कम करने या सुरक्षा उपाय देने पर जोर दिया जाना चाहिए। पिछले साल भी इस संदर्भ में ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों में गर्मियों के प्रति जागरूकता भी बहुत जरूरी है। लोगों को हीट वेव से बचने के उपाय बताने के लिए बड़े पैमाने पर टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए थे, लेकिन प्रभावी रूप से ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, हीट वेव के लिए कोई एसएमएस अलर्ट सिस्टम नहीं बनाया गया जिससे लोग समय रहते सावधान हो सके। सरकार को दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य प्रति भी चिंता कम रही। हीट स्ट्रोक से निपटने के उपायों के तहत अस्पतालों में विशेष वार्ड और आपातकालीन सेवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं थी। एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण लू से पीड़ित लोगों को समय पर मदद नहीं मिल पाई। कुल मिलाकर दिल्ली सरकार ने कुछ प्रयास जरूर किए, लेकिन वे पर्याप्त नहीं थे। अगर सही योजना और क्रियान्वयन होता, तो गर्मी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता था। दिल्ली सरकार को गर्मियों से बचने के लिए हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध के साथ नई हरियाली लगाने की गति को तेज करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। सरकारी भवनों, बस स्टॉप और मुख्य सड़कों पर ग्रीन कवर विकसित किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी

संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क और सावधान रहें

संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

मनोबल गिराने वाली कार्रवाई

किसी भी देश की सेना उस देश की आन, बान और शान होती है। अपने जीवन को देश की खातिर अर्पित कर, यह सैन्य बल देश की आजादी, अमन-चैन को कायम कर हमें खुली हवा में चैन की सांस लेने और नागरिक समाज को परिवारों सहित देश के भीतर खुशहाल बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। अभी हाल ही में पंजाब राज्य के पटियाला में ऑन ड्यूटी सेवा में रहते हुए एक कर्नल साहब पुष्पेंद्र सिंह बाथ एवं उनके बेटे को पटियाला पुलिस के एक नहीं, बारह पुलिस के जवानों ने मिलकर डंडों से निर्ममता के साथ पिटाई कर अधमरा कर दिया। ऐसा अत्याचार तो कोई दुश्मन देश भी हमारे जवानों को पकड़ने के बाद उन पर नहीं करता। यह कार्रवाई सैन्य बलों का मनोबल गिराने वाली है। दोषियों को दंड मिलना चाहिए।

- मनोज रावत, राजनांदगांव

ट्रेंड

संरक्षित स्मारक नहीं

उत्तर प्रदेश के एटा लोकसभा क्षेत्र में स्थित महाकवि तुलसीदास और अमीर खुसरो की जन्मस्थलियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार के तहत 'संरक्षित स्मारक नहीं हैं व किसी योजना में इनके विकास एवं संरक्षण का प्रस्ताव नहीं है।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री

सरकार सहयोग कर रही

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करना जनता के समर्थन के बिना संभव नहीं है। निर्वाचित सरकार प्रयास कर रही है और उपराज्यपाल का सहयोग कर रही है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और शांति बनी रहे।

-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

नारायण गुरु के विचार अहम

शिक्षा के माध्यम से प्रबुद्ध बनें, संगठन के माध्यम से मजबूत बनें, और कड़ी मेहनत के माध्यम से समृद्ध बनें। - श्री नारायण गुरु के विचार। गुरु ने पिछली सदी में जाति व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था।

-राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री

भाजपा का फर्जी मुद्दा

भाजपा आज संसद को स्थगित कराने के लिए कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण और शिवकुमार के कथित बयान के रूप में एक पूरी तरह से फर्जी मुद्दा लेकर आई, ताकि न्यायमूर्ति वर्मा प्रकरण पर चर्चा न हो।

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

अदालत ने हान के खिलाफ महाभियोग किया खारिज

दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने देश के प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया और देश के दूसरे नंबर के नेता को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया लेकिन राष्ट्रपति यून सूक येओल के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला नहीं सुनाया गया है। पिछले साल दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून के खिलाफ 'नेशनल असेंबली' द्वारा महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हान कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे। देश में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण एक बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। विपक्षी सांसदों के साथ राजनीतिक संघर्ष के बाद सदन में दिसंबर के अंत में हान के खिलाफ भी महाभियोग का प्रस्ताव पारित किया गया। संवैधानिक अदालत ने सोमवार को कहा कि उसने हान के खिलाफ महाभियोग को रद्द करने का फैसला किया है, लेकिन यून के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला आना बाकी है। अगर अदालत यून के खिलाफ महाभियोग को बरकरार रखती है तो दक्षिण कोरिया को नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव कराना होगा। अगर अदालत उनके पक्ष में फैसला सुनाती है तो यून को पद पर बहाल कर दिया जाएगा और उन्हें राष्ट्रपति पद की शक्तियां वापस मिल जाएंगी।

ऑफ बीट

अल्जाइमर का रक्त परीक्षण से चल सकता है जल्दी पता

किसी व्यक्ति में अल्जाइमर रोग का निदान करने के लिए इन सभी लक्षणों का मौजूद होना जरूरी नहीं है, हालांकि मस्तिष्क में एमाइलॉइड-बीटा प्लाक और/या तो उलझनों की उपस्थिति आवश्यक है। इसके विपरीत, कुछ लोगों में बायोमार्कर परिवर्तन हो सकते हैं लेकिन कभी भी अल्जाइमर रोग के लक्षण विकसित नहीं हो सकते हैं। चूँकि मस्तिष्क में अन्य लक्षण प्रकट होने से वर्षों पहले रक्त में इन बायोमार्कर परिवर्तनों का पता लगाया जा सकता है, यह अल्जाइमर रोग का निदान करने का एक तेज़ और कम आक्रामक तरीका प्रदान कर सकता है। रक्त परीक्षण वर्तमान में खरीद के लिए उपलब्ध अधिकांश रक्त परीक्षण रक्त में दो अलग-अलग प्रकार के अमाइलॉइड-बीटा को मापते हैं: अमाइलॉइड-बीटा 42 और अमाइलॉइड-बीटा 40 । फिर इन दो प्रोटीनों के बीच अनुपात की गणना की जाती है। यह अनुपात जितना कम होगा, व्यक्ति में अमाइलॉइड प्लाक और इसलिए अल्जाइमर रोग होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। ऐसा ही एक परीक्षण, प्रीसीविटीएडी, डॉक्टरों द्वारा अमेरिका में अल्जाइमर के लक्षण प्रदर्शित करने वाले लोगों में उपयोग करने के लिए अनुमोदित किया गया है, और इसे यूरोपीय संघ में उपयोग के लिए सुरक्षित माना गया है।

रायपुर
मंगलवार, 25 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 23, अंक : 246
पृष्ठ : 12+8+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 35.8
न्यून. 23.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

04
ऑस्कर को 'नाइंसाफी' पर लगाई लताड़...

विचार पेज
पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ बच पाएगा?

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

तकनीकी विवि को जीएसटी ने थमाया 1 करोड़ 70 लाख का नोटिस, बंद हो चुके कॉलेजों से भी होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय को जीएसटी कार्यालय ने एक करोड़ 70 लाख रुपए का बिल थमा दिया है। जीएसटी की यह राशि संबद्धता शुल्क पर लगाई गई है। प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं से संबद्ध महाविद्यालय से संबद्धता शुल्क लिया जाता है। तकनीकी विवि भी उन महाविद्यालयों से संबद्धता शुल्क लेता है, जो उससे एफिलिएटेड हैं। अब इस राशि पर जीएसटी लगाई गई है। विश्वविद्यालयीन सूत्रों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2016-17 से लेकर वर्तमान शैक्षणिक सत्र तक जो एफिलिएशन फीस ली गई, उसका बकाया एक करोड़ 70 लाख रुपए हो रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों से यह राशि एकत्र की जाएगी। इसके बाद जीएसटी कार्यालय को यह बकाया राशि सौंपी जाएगी। गौरतलब है कि इसके पूर्व पं.रविशंकर शुक्ल विवि को भी संबद्धता शुल्क पर जीएसटी प्रदान करने बिल भेजा जा चुका है। रविवि को 68 लाख रुपए का जीएसटी बिल मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भेजा गया था। इसे रविवि ने भी संबद्ध महाविद्यालयों से वसूलने का फैसला करते हुए राशि एकत्र की।

मेरे संज्ञान में नहीं

अब तक मेरे संज्ञान में इस तरह का कोई मामला नहीं है, जैसा आप बता रहे है तो मैं जानकारी लेता हूं। फिलहाल बकाया संबंधित नोटिस की जानकारी मुझे नहीं है।

-अंकित अरोरा, कुलसचिव, सीएसवीटीयू

शैक्षणिक सत्र 2016-17 से वर्तमान सत्र तक ली जाएगी राशि

ट्रस्ट को भेजेंगे खत

छग में शैक्षणिक सत्र 2016-17 में निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 50 पार थी। बीते एक दशक में इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के बंद होने के बाद वर्तमान में निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की संख्या सिर्फ 29 रह गई है। बंद हो चुके महाविद्यालय जब तक सीएसवीटीयू से संबद्ध थे, तब तक की जीएसटी राशि इन संस्थानों से ली जाएगी। चूंकि ये कॉलेज बंद हो चुके हैं, ऐसे में उन ट्रस्ट को खत लिखा जाएगा, जो इनका संचालन कर रहे थे। सीएसवीटीयू इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के साथ ही फॉर्मेसी और मैनेजमेंट पाठ्यक्रम का भी संचालन करता है। इन महाविद्यालयों से भी संबद्धता शुल्क लिए जाएंगे। वर्तमान में 95 फॉर्मेसी कॉलेज सीएसवीटीयू से संबद्ध हैं, जबकि 9 नए संस्थान शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रारंभ होंगे। वहीं दो संस्थानों को तकनीकी विवि मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के लिए मान्यता प्रदान करता है।

खबर संक्षेप

ईएसआईसी में जुड़े 18 लाख नए सदस्य

नई दिल्ली। ईएसआई योजना के तहत जनवरी में कुल 18.19 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए, जो सालाना 2.34 प्रतिशत की वृद्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने यह जानकारी दी। नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु तक के 47.66 प्रतिशत या 8.67 लाख कर्मचारी हैं।

छात्रों की खुदकुशी मामले में केस दर्ज करने के निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वह आईआईटी-दिल्ली में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के दो छात्रों की आत्महत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज करे और उसकी जांच करे। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने उपायुक्त को प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए।

विवि और कॉलेजों में रैगिंग से 51 मौतें

नई दिल्ली। वर्ष 2020 से 2024 तक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में रैगिंग के कारण 51 मौत दर्ज की गई है। यह आंकड़ा इसी अवधि के दौरान कोचिंग हब कोटा में छात्र आत्महत्याओं के करीब है। सोसाइटी अगेंस्ट वायलेंस इन एजुकेशन द्वारा प्रकाशित 'स्टेट ऑफ रैगिंग इन इंडिया 2022-24' रिपोर्ट में भी मेडिकल कॉलेजों को रैगिंग की शिकायतों के लिए हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है।

एयर इंडिया के विमान को किया चेन्नई डायवर्ट

नई दिल्ली। नई दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 2415 को चेन्नई डायवर्ट किया गया। दावा है कि बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर ऑपरेशनल कारणों के चलते ये फैसला लिया गया। एअर इंडिया ने भी इसकी पुष्टि की है।

आप सरकार के कार्यकाल पर श्वेतपत्र की तैयारी

नई दिल्ली। भाजपा पिछली आम आदमी पार्टी वाली दिल्ली सरकार के कार्यकाल को लेकर श्वेतपत्र जारी करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन सदन के अंदर एक सवाल के जवाब में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने यह भी साफ कर दिया है कि इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं किया जाएगा।

2 करोड़ की 8 हजार याबा टैबलेट जब्त की, 2 गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में 2 करोड़ रुपए की 8,000 याबा टैबलेट जब्त की। असम के दक्षिण सलमारा मनकाचर जिले में रविवार रात दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। इनपुट के आधार पर पुलिस की एक टीम ने रविवार रात भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में अभियान चलाया था।

भाजपा ने कांग्रेस पर लगाए आरोप, खड़गे बोले- कोई ताकत नहीं बदल सकती संविधान

मुस्लिम आरक्षण पर संसद में हंगामा, नड्डा बोले-कांग्रेस ने आरक्षण की उड़ाई धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण को लेकर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने संविधान की रखवाली बंद करो के नारे लगाने शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कांग्रेस को जमकर घेरा। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ा दीं। वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब की इज्जत को मिट्टी में मिला दिया।

राज्यसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कर्नाटक विधानसभा में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान वाला विधेयक पारित होने पर कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस पर संविधान बदलने का प्रयास करने का आरोप लगाया। इस कारण हंगामे के चलते उच्च सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर 35 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया।

- उच्च सदन में नहीं हो पाया शून्यकाल और प्रश्नकाल

सत्ता पक्ष के सदस्यों के हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि डॉ. बी आर आंबेडकर के बनाये संविधान को कोई भी ताकत नहीं बदल सकती है। सदन की बैठक शुरू होते ही भाजपा सदस्यों ने आरक्षण का मुद्दा उठाया और हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जो लोग संविधान के रक्षक होने का दावा करते हैं, वे लोग संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर बैठे एक कांग्रेस नेता ने कहा है कि आरक्षण के मुद्दे पर जरूरत पड़ी तो संविधान में बदलाव किया जाएगा। उन्होंने यद्यपि किसी का नाम नहीं लिया किंतु माना जाता है कि उनका संकेत कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को 4% आरक्षण का मामला

नड्डा बोले- धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं

सदन के नेता जेपी नड्डा ने आसन की अनुमति से अपनी बात रखते हुए कहा, आंबेडकर और सरदार पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। नड्डा ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी का हक मारकर मुस्लिमों और अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया। इन्होंने ओबीसी में मुस्लिमों को पीछे के दरवाजे से प्रवेश देने का कुत्सित प्रयास भी किया।

हम संविधान की रक्षा करने वाले

सभापति ने जब खड़गे को बोलने का अवसर दिया तो उन्होंने कहा, आंबेडकर के बनाये संविधान को कोई नहीं बदल सकता। उन्होंने कहा हम संविधान की रक्षा करने वाले लोग हैं। हम वो लोग हैं जिन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली और ये वो लोग हैं जो भारत तोड़ो में विश्वास रखते हैं।

रिजिजू ने लोकसभा में भी उठाया मुद्दा

लोकसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में धर्म के नाम पर कोई रिजर्वेशन नहीं हो सकता है। कांग्रेस पार्टी का वरिष्ठ नेता संवैधानिक पद पर बैठकर जब यह कहता है कि मुस्लिम आरक्षण देने के लिए संविधान बदला जाएगा, ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संसद में क्यों मचा बवाल

कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने ठेकों में मुस्लिमों को 4 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। इसके खिलाफ भाजपा विरोध जता रही थी, जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान के बाद और तेज हो गया है। डीके शिवकुमार ने कहा था कि यह फैसला मुस्लिमों को आरक्षण देने की ओर एक कदम है। हम भविष्य में मुस्लिमों को आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन भी कर सकते हैं। उनके इस बयान पर बवाल शुरू हो गया है।

102 किलो गांजा जब्त

हाईवे ब्लाक कर तीन तस्करों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

ओडिशा से गांजा लेकर अंबिकापुर जा रहे कार सवार तीन गांजा तस्करों को पुलिस ने नेशनल हाइवे को गाड़ियों से ब्लाक कर पकड़ लिया। कार से 102 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने गांजा, कार, मोबाइल सहित 23 लाख का माल जब्त कर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली रायपुर की ओर से भारी मात्रा में कार में गांजा रखकर जिले की ओर तस्कर आ रहे हैं। उन्होंने तत्काल जिले के थानेदारों को गांजा तस्करों को पकड़ने अलर्ट किया। सभी थानेदारों ने अपने अपने क्षेत्र में गांजा तस्करों को पकड़ने नाकाबंदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

पकड़े गए आरोपी

- सौरभ यादव उर्फ पंकज पिता विजय बहादुर यादव 23 साल नारायणपुर पोस्ट बदलानुपर जौनपुर यूपी
- सचिन उर्फ मोंटी यादव पिता जयप्रकाश यादव 28 साल पहाड़पुर श्रीरामपुर सुल्तानपुर यूपी
- विष्णु सिंह पिता मनमोहन सिंह 29 साल कादीपुर सुल्तानपुर यूपी

फर्जी नंबर प्लेट लगाकर तस्करी

जब्त नेक्सॉन कार मूलतः यूपी है और उसका सही नंबर यूपी 44 बीएच, 3072 है। ओडिशा पार करने के बाद पुलिस की आंख में धूल झोंकने फर्जी सीजी पासिंग की सीजी 04 एलजेड, 3844 लगाकर वे गांजा लेकर जा रहे थे। तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर यूपी पासिंग के दो नम्बर प्लेट मिले। टीआई श्री केंवट ने बताया, पुलिस पकड़े गए गांजा तस्करों से अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

बॉम्बे हाईकोर्ट की फटकार

नागपुर हिंसा के आरोपी का मकान ढहा, फिर लगी रोक

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में पिछले हफ्ते हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के दो मंजिला मकान को अनधिकृत निर्माण के कारण नगर निकाय के प्राधिकारियों ने पुलिस बलों की मौजूदगी में सोमवार सुबह ध्वस्त कर दिया। प्राधिकारियों ने एक अन्य आरोपी यूसुफ शेख के महल इलाके स्थित मकान के अवैध रूप से निर्मित हिस्से को भी ढहा दिया।

नागपुर के महल इलाके में 17 मार्च को हिंसा हुई थी। इधर, बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने हिंसा मामले में आरोपियों की संपत्ति के खिलाफ चलाए जा रहे विध्वंस की कार्रवाई पर रोक लगा दी। इन आरोपियों में फहीम खान और युसूफ शेख भी शामिल है।

सरकार को देना होगा अब जवाब

हाईकोर्ट ने सरकार और नगर निगम को निर्देश दिया है कि वे इस मामले में जवाब दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई अब 15 अप्रैल को की जाएगी। नागपुर में भड़की हिंसा के बाद कार्रवाई करते हुए 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों में 21 नाबालिग भी शामिल हैं।

फहीम खान को जारी किया गया था नोटिस

बताया जाता है कि फहीम खान नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड है। पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में फहीम खान की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाया गया।

हाईकोर्ट ने इस पर बात पर जाहिर की चिंता

हाईकोर्ट ने प्रॉपर्टी के मालिकों की सुनवाई न होने पर चिंता जाहिर की जो कथित रूप से अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार थे। इस बात पर निराशा जाहिर की गई कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने से पहले उनकी सुनवाई नहीं की गई। दरअसल, फहीम खान की प्रॉपर्टी हाईकोर्ट के आदेश आने से पहले ही दोपहर में ढहा दी गई थी। यह प्रॉपर्टी उसकी पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा रिटायर जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं।

टास्क फोर्स में ये लोग होंगे

कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट टास्क फोर्स के अध्यक्ष होंगे, जबकि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अलावा किसी राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा कानूनी मामलों के सचिव इसके सदस्य होंगे।

दो छात्रों के मां-पिता की याचिका

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया है। इन छात्रों की मौत आईआईटी दिल्ली मे हुई थी। छात्रों के माता-पिता ने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की है। इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने 2024 में खारिज कर दिया था।

शिमला में टला बड़ा हादसा

इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका विमान डिप्टी सीएम-डीजीपी भी थे सवार

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा समेत 30 से अधिक यात्रियों को सोमवार सुबह दिल्ली से लेकर आ रहा एक विमान जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे पर रनवे से आगे निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान रनवे पार कर हवाई पट्टी के किनारे लगे 'स्टड' से टकरा गया। हालांकि बड़ा हादसा टल गया हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि विमान नियमित जांच के बाद दिल्ली से रवाना किया गया था।

चुनौतीपूर्ण हवाई अड्डा

राज्य की राजधानी से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे पर 1,230 मीटर लंबी हवाई पट्टी है। इसे इसकी संरचना के कारण सबसे चुनौतीपूर्ण हवाई अड्डों में से एक माना जाता है, जहां रनवे दोनों तरफ खड़ी ढलानों वाले एक ऊंचे पठार पर स्थित है।

सीजेआई के निर्देश पर एक्शन

नोट कांड में घिरे जस्टिस वर्मा अदालती सुनवाई से अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को "तत्काल प्रभाव से" अगले आदेश तक न्यायिक कार्य वापस ले लिया। न्यायमूर्ति वर्मा उनके सरकारी आवास में लगी आग को बुझाए जाने के दौरान कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के बाद जांच का सामना कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लिए जाने के संबंध में एक नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक अन्य नोट में कहा गया है कि न्यायमूर्ति वर्मा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ-3 का कोर्ट मास्टर सोमवार से पहले सूचीबद्ध मामलों में तारीखें निर्धारित करेगा। रजिस्ट्रार की ओर से अदालत की वेबसाइट पर जारी नोट में कहा गया है, हाल की घटनाओं के मद्देनजर माननीय न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से न्यायिक कार्य अगला आदेश जारी किए जाने तक तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय के नोटिस के बाद रजिस्ट्रार द्वारा यह नोट जारी किया गया। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इससे पहले न्यायमूर्ति उपाध्याय से कहा था कि वह ▶▶ शेष पेज 5 पर

रोस्टर में बदलाव

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ द्वारा संचालित 'रोस्टर' अब न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ को आवंटित कर दिया गया है। अब खंडपीठ-3 की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह करेंगी।

इधर, इलाहाबाद तबादले की सिफारिश, बार काउंसिल का विरोध

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा का स्थानांतरण उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में करने की सिफारिश की है। दिल्ली उच्च न्यायालय में कॉलेजियम के सदस्य और वरिष्ठता में दूसरे स्थान पर रहे जस्टिस यशवंत वर्मा, इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण के बाद वरिष्ठता में नौवें स्थान पर होंगे।

पूर्व विधायक पैकरा भाजपा से निष्कासित

रायपुर। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के खिलाफ जाकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ने वालों के साथ बागियों का साथ देने वालों पर भाजपा का प्रदेश संगठन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में अब भाजपा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व विधायक और पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा को भी पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। श्री पैकरा ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के ▶▶ शेष पेज 5 पर



13 अरब प्रकाश वर्ष दूर आकाशगंगा में मिली हैरान करने वाली चीज

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड रहस्यों से भरा हुआ है। इन रहस्यों को अभी तक वैज्ञानिक भी नहीं समझ पाए हैं। इनके बार में जानकारी हासिल करने के लिए वो सालों से शोध कर रहे हैं। बिग बैंग के बाद सिर्फ 30 करोड़ साल में बनी आकाशगंगा JADES-GS-z14-0 में भारी मात्रा में ऑक्सीजन मिली है। इस आकाशगंगा में ऑक्सीजन की भारी मात्रा ने वैज्ञानिकों को हैरान कर रही है, क्योंकि उनकी सोच थी कि हाइड्रोजन और हीलियम के अलावा अन्य तत्व का इतनी जल्दी निर्माण नहीं हो सकता है।

हैरान करने वाला है आकाशगंगा का विकास

नीदरलैंड्स के लीडेन ऑब्जर्वेटरी के कॉस्मोलॉजिस्ट सैंडर शाउस ने बताया कि यह उसी तरह जैसे किए हम एक ऐसे स्थान पर किशोर को पाते हैं, सिर्फ शिशुओं की उम्मीद करते हैं। आकाशगंगा का निर्माण बेहद तेजी से हुआ है और तेजी से परिपक्व भी हो रही है, जो बेहद हैरान करने वाला है। उनका कहना है कि हमारे ब्रह्मांडीय मॉडलों के लिए **JADES-GS-z14-0** का अस्तित्व एक परेशानी है, क्योंकि हमें लगता है कि आकाशगंगाओं के विकास में बहुत अधिक समय लगता है। यह आकाशगंगा इतनी दूर है कि इसे देखने के लिए यह बहुत बड़ी और चमकीली रोशनी की जरूरत है।

कैसे होता है ऑक्सीजन का निर्माण?

तारों के कोर में हाइड्रोजन के संलयन से ऑक्सीजन बनता है। इस प्रक्रिया में बहुत ज्यादा समय लगता है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने साल 2024 में गैलेक्सी **JADES-GS-z14-0** की खोज की थी। इसकी रोशनी धरती पर पहुंचने में करीब 13.4 अरब साल का समय लगा। अल्मा ने इस आकाशगंगा में ऑक्सीजन की भारी मात्रा की खोज की थी।

वैज्ञानिकों के लिए पहेली है आकाशगंगा का विकास

इस खोज में हमारे ब्रह्मांड की उत्पत्ति और विकास के बारे में समझ को बदलने की क्षमता है। वैज्ञानिकों को अब यह समझने और जानने की जरूरत है कि आखिर इतनी जल्दी ऑक्सीजन का निर्माण कैसे हुआ। साथ ही इस आकाशगंगा का विकास इतनी जल्दी कैसे हुआ।

ब्रह्मांडीय मॉडलों के लिए यह आकाशगंगा है एक समस्या : हाइड्रोजन और हीलियम से भारी तत्वों के बने में काफी समय लगता है। बिग बैंग में हमारे जैसा ब्रह्मांड पहली बार अस्तित्व में आया, तो सबसे पहले बने तत्व हाइड्रोजन और हीलियम थे।

समंदर में किनारे मिला 'जलपरी का कंकाल', देखकर डर से कांप उठे लोग

वॉशिंगटन। समुद्र की गहराइयों में कई ऐसे राज दफ्न हैं, जिनके बारे में कोई नहीं जानता है। कई बार ऐसे राज जब बाहर आते हैं, तो लोग हैरान हो जाते हैं। कभी समुद्री वैज्ञानिक इस बारे में खुलासा करते हैं, तो कभी समंदर की लहरों की वजह से वो राज बाहर आ जाते हैं। सोशल मीडिया पर एक जीव की ऐसी ही कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जो समंदर के किनारे मिली। कुछ लोग इसे जलपरी का कंकाल बता रहे हैं, तो कुछ लोग एलियन से इसकी तुलना कर रहे हैं। जब पहली बार लोगों ने इसे समंदर किनारे देखा तो डर से कांप गए। लेकिन, एक कपल ने बेखौफ होकर उसकी तस्वीरें खींच ली. दरअसल, ये कपल समुद्र किनारे टहल रहा था और शाम इन्जॉय कर रहा था, तभी उन्हें एलियन की शक्ल वाले जीव का कंकाल दिखा, जिसे लोग जलपरी से भी जोड़ रहे हैं। फोटो वायरल होने के बाद कुछ लोगों का दावा है कि ये जलपरी का कंकाल है तो कई लोग कह रहे हैं कि ये एलियन है। हालांकि, असल में ये चीज है क्या? कोई नहीं जानता है।

आसमान में बाज ने ड्रोन को बनाया अपना शिकार

लंदन। प्रकृति और तकनीक, दोनों की अपनी ताकत और सीमाएं हैं, लेकिन कई बार ऐसे नजारे देखने को मिलते हैं, जो साबित करते हैं कि प्रकृति की विशालता के सामने तकनीक की कोई बिसात नहीं है। ऐसा ही एक हैरान करने वाला उदाहरण इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक फोटो में एक बाज आसमान में उड़ रहे ड्रोन को अपने मजबूत पंजों में जकड़ लेता है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। यह फोटो प्रकृति की ताकत और तकनीक की सीमाओं को साफ तौर पर दर्शा रही है।

लोगों की प्रतिक्रिया : सोशल मीडिया पर इस फोटो को लेकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'प्रकृति की ताकत के आगे तकनीक की क्या बिसात! बाज ने तो ड्रोन को पलभर में शिकार बना लिया।' एक अन्य यूजर ने मजाक में कहा, 'लगता है बाज को ड्रोन से टक्कर लेने की आदत हो गई है, उसने सोचा कि यह उसका इलाका है!'

पोस्ट में क्या है?

फोटो में दिखाया गया है कि एक ड्रोन आसमान में ऊंचाई पर है और उस ड्रोन को एक बाज ने अपने मजबूत पंजों में जकड़ा हुआ है। यह फोटो देखकर ऐसा लगता है जैसे बाज इस ड्रोन को अपना शिकार समझकर इसपर हमला किया है। यह नजारा ऐसा है, मानो बाज ने ड्रोन को एक असली शिकार की तरह पकड़ लिया हो। यह फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे देखकर हैरानी जता रहे हैं। यह फोटो प्रकृति और तकनीक के बीच के अंतर को साफ तौर पर दिखाती है। बाज एक शिकारी प्रवृत्ति का जीव है, इंटरनेट पर बाज की नजर और इसके शिकार के कई उदाहरण मिल जाएंगे। अक्सर ऐसे भी वीडियो वायरल होते हैं जिसमें बाज के शिकार करने के कारनामें देखने को मिलते हैं। मगर यह घटना थोड़ी अलग है, जो हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि तकनीक भले ही कितनी उन्नत हो जाए, लेकिन प्रकृति की ताकत के सामने उसकी सीमाएं साफ दिखाई देती हैं। ड्रोन, जो मानव की तकनीकी तरक्की का प्रतीक है, बाज की ताकत के आगे बेबस नजर आ रहा है। यह फोटो उन लोगों के लिए भी एक सबक है, जो तकनीक के दम पर प्रकृति को हल्के में लेते हैं।

आसमान में दिखेगा अजूबा 'गायब' हो जाएगी शनि ग्रह की रिंग क्यों होगा ऐसा?



वॉशिंगटन। शनि ग्रह को खूबसूरत बनाने वाले उसके छल्ले अब अदृश्य हो जाएंगे. सौरमंडल में शनि ग्रह के चारों ओर चक्कर लगाने वाले छल्ले शानि ग्रह की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, इन्हीं छल्लों की वजह से शनि ग्रह को आसानी से पहचाना जा सकता है, लेकिन अब इस बीच इन्हें लेकर हैरान करने वाला खुलासा हुआ है कि यह छल्ले गायब होने वाले हैं। क्या सच में ऐसा होने वाला है। आइए जानते हैं पूरी बात. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शनि, हमारे सौर मंडल में सूर्य से छठा ग्रह है, जो अपने छल्लों की वजह से बहुत ही अधिक फेमस है। अरबों बर्फीले कणों और छोटे चट्टान के टुकड़ों से मिलकर बने इन छल्लों ने सदियों से खगोलविदों और अंतरिक्ष उत्साही लोगों को मोहित किया है, जो अपने विशाल आकार और सुंदरता से लोगों को खुश करते रहें हैं। हालांकि, इस सप्ताह, शनि के प्रतिष्ठित छल्ले अब धरती से नहीं दिखने वाले हैं।

क्या सच में गायब हो जाएंगे शनि ग्रह के छल्ले?

आपको बता दें कि वह गायब नहीं हो रहे हैं, बल्कि पृथ्वी और शनि के संरेखण द्वारा बनाए गए ब्रह्मांडीय भ्रम के कारण ही छल्ले अदृश्य दिखाई देंगे। यह अस्थायी घटना तब होती है जब हमारे ग्रह और शनि के बीच का कोण छल्लों को किनारे पर दिखाई देता है, जिससे वे हमारे सुविधाजनक स्थान से अदृश्य हो जाते हैं। इसे सरल भाषा में समझे तो शनि ग्रह की रिंग हमारी लाइन ऑफ साइट के साथ पूरी तरह से एक लाइन में आ जाती है। यानी हम जिस एंगल से देखते हैं, ठीक उसी लाइन में सीधी खड़ी हो जाती है। इस वजह से ये रिंग पृथ्वी से हमें नजर नहीं आती। अगर और आसानी से समझना है तो मान लीजिए कि यह रिंग कोई सिक्का है और इसे आपने अपने आंखों के ठीक आगे ऐसे खड़ा किया है कि आपको इसकी गोल सतह नहीं, बल्कि एक पतली सी लाइन सी दिख रही. ऐसा ही शनि की रिंग के साथ होता है।

- देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रथम
- 56 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास
- पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में प्रथम
- 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि ऋण वितरण में प्रथम
- सर्वाधिक 2.75 करोड़ शौचालयों का निर्माण

उत्तर प्रदेश नं. 1

- 15 करोड़ नागरिकों को निःशुल्क राशन का वितरण
- 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता
- 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन
- 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
- 9.57 करोड़ लोगों का जन धन बैंक खाता
- 1 करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित

खुशहाल किसान, यूपी की पहचान

- पहली कैबिनेट का पहला निर्णय: ₹36,359 करोड़ का फसल ऋण मोचन, 94 लाख किसान लाभान्वित
- खाद्यान्न उत्पादन : वर्ष 2016-17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 668.39 लाख मीट्रिक टन (20% वृद्धि)
- सिंचन क्षमता : वर्ष 2017 तक 82.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 131 लाख हेक्टेयर, 976 परियोजनाएं पूर्ण
- रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान : 2017 से अब तक ₹2.80 लाख करोड़ का भुगतान, पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से ₹66 हजार करोड़+ अधिक
- चीनी मिल : 3 नयी चीनी मिल, 6 चीनी मिलों का पुनर्संचालन, 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार
- अनाज खरीद : बिचौलियों को बाहर किया, ₹43,424 करोड़ गेहूं मूल्य एवं ₹88,746 करोड़ धान मूल्य का भुगतान
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : 2.86 करोड़ किसानों को ₹80,000 करोड़+ हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत 73,924 सोलर पंपों की स्थापना

सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

- महिलाओं के लिए पुलिस में 20 प्रतिशत पद, 1.38 लाख+ को सरकारी नौकरी
- 10 लाख+ स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़+ महिलाओं को रोजगार
- महिला वर्क फोर्स : 2017 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.1 प्रतिशत हुआ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन, होली व दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना : 22.11 लाख बालिकाएं लाभान्वित
- निराश्रित महिला पेंशन योजना : 33.55 लाख महिलाएं लाभान्वित
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 4.22 लाख जोड़ों का विवाह संपन्न, धनराशि ₹51 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख
- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, 3.73 लाख महिलाएं लाभान्वित
- बी.सी. सखी : 39 हजार+ ने 31,626 करोड़ का लेनदेन किया, 85.81 करोड़ लाभांश

काम दमदार, युवाओं को रोजगार

- 2017 में प्रति व्यक्ति आय ₹46 हजार से बढ़कर 2024 में ₹1 लाख 24 हजार
- बेरोजगारी दर : 2016 में 18 प्रतिशत युवा बेरोजगार, 2024 में बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया : 8.5 लाख+ सरकारी नौकरी, 3.75 लाख+ संविदा पर नियुक्ति
- MSME एवं निजी क्षेत्र में 2 करोड़+ रोजगार एवं ODOP योजना से 2.54 लाख+ रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.27 लाख+ युवाओं को रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 10 लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

सबके साथ सरकार

- 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा, 1,630 पर कार्य प्रगतिशील
- अनुसूचित जाति (पूर्व दशम) के 32,49,854 छात्र-छात्राओं को ₹708.49 करोड़ छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति (दशमोत्तर) के 89,31,203 छात्र-छात्राओं को ₹9,662.25 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के 62,79,519 छात्र-छात्राओं को ₹1,28,627.48 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के 1,31,05,263 छात्र-छात्राओं को ₹7,62,524.03 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (पूर्व दशम) के 8,58,750 छात्र-छात्राओं को ₹221.95 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (दशमोत्तर) के 48,13,347 छात्र-छात्राओं को ₹5,499.86 करोड़ छात्रवृत्ति

स्वास्थ्य का उपहार

- आयुष्मान भारत : 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा
- 80 मेडिकल कॉलेज संचालित, 11,300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि
- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
- महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- 22,681 आरोग्य मंदिर का संचालन

विकास पथ पर यूपी का रथ

- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 11 पर काम जारी, गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में 55% की हिस्सेदारी
- एक्सप्रेसवे की लम्बाई : 2017 तक 491 किलोमीटर, 2024 तक 1225 किलोमीटर
- 32 हजार किमी+ लम्बाई के मार्गों का नवनिर्माण, 25 हजार किमी के मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण
- 2017 तक केवल 04 एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर देश का एकमात्र राज्य, जिनमें 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार, सबसे बड़ा एयर कार्गो हब बनेगा उत्तर प्रदेश
- हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित, प्रयागराज-अयोध्या तक विस्तारीकरण का कार्य जारी

अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस

- 2017 के पहले माफिया-अपराधी बेलगाम, 2017 के बाद कानून का राज, भयमुक्त व्यवस्था
- एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में 84.41%, लूट में 77.43%, हत्या में 41.01%, बलवा में 66.40%, फिरौती के लिए अपहरण में 54.72%, दहेज हत्या में 17.08% और बलात्कार के मामलों में 26.15% की कमी
- 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई
- माफिया के अवैध कब्जे से लगभग ₹3000 करोड़ की संपत्ति जब्त, अवैध संपत्तियां गिराकर उन पर गरीबों के लिए आवास
- 222 दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर, 28,000+ बदमाश जेल भेजे गए
- 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, 18 एंटी टैररिस्ट स्क्वैड यूनिट स्थापित
- 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, 3 महिला पीएसी बटालियन स्थापित
- सभी जनपदों में साइबर थाने, 11 लाख+ सीसीटीवी कैमरों की स्थापना
- 112 पुलिस कंट्रोल का रिस्पॉन्स टाइम 2017 से पहले 25.42 मिनट, 2024 में घटकर 7.24 मिनट

हर घर रोशन

- प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना : 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन
- जिला मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे बिजली
- किसानों के निजी नलकूप से सिंचाई के लिए बिजली के बिल पर शत-प्रतिशत छूट
- बुंदेलखंड में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत 4000 मेगावाट क्षमता का प्लांट
- 53 कम्प्रेस्ड बायोगैस/बायो कोल/बायो डीजल एवं बायो इथेनॉल प्लांट की स्थापना

अंत्योदय से गरीब कल्याण

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना : 56 लाख+ आवासों का निर्माण
- पीएम स्वनिधि योजना : 1,80,000+ स्ट्रीट वेंडर्स को ₹3,000 करोड़ + का ऋण
- हर घर जल योजना : 2.37 करोड़ + परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सुविधा
- मनरेगा : 200 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार देने में प्रथम

सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा

- सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण
- 57 असेवित जनपदों में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण
- अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर, बलरामपुर, मीरजापुर एवं मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन
- प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- गोरखपुर में सैनिक स्कूल, फॉरेस्ट्री कॉलेज, एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी
- गोरखपुर एवं चंदौली में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

जम्मू के कठुआ में चलाया जा रहा है सेना का सर्च ऑपरेशन

गली-गली आतंकियों को ढूंढ रहे सुरक्षाबल, पंजाब के जिलों में हाई अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच रविवार को मुठभेड़ हुई। 3 घंटा चला एनकाउंटर रात होने के कारण रोका गया। सोमवार सुबह होते ही सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की जॉइंट टीम मोर्चा संभाले हुए है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हीरानगर सेक्टर में सुरक्षाबल आतंकियों को सर्च कर रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। पंजाब के जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है।

मुठभेड़ में बच्ची घायल

जानकारी के मुताबिक, एलओसी से 5 किमी दूर सान्याल गांव में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। सूचना मिलने के बाद सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाया। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को चारों ओर से घेर लिया। आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच आधे घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि सात वर्षीय बच्ची आंचल कुमार को चोट पहुंची है। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि, अभी तक बच्ची को चोट पहुंचने के सही कारण का पता नहीं चल पाया है।

एलओसी से 5 किमी दूर गांव में आतंकियों के छुपे होने की मिली थी जानकारी

तीन को आतंकियों ने बनाया बंधक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता देवी (48), अपनी बेटी और पति के साथ लकड़ी इकट्ठा करने के लिए पौधशाला गए थे। वहां आतंकवादियों ने हथियार के बल पर तीनों को बंधक बना लिया। मौका मिलने पर महिला ने बच्ची के साथ भागना शुरू किया। आतंकियों ने उसे गोली मारने की धमकी दी, लेकिन वो दोनों भागती रहीं। आतंकवादियों ने रोकने की कोशिश की, लेकिन मैं चिल्लाने लगी, जिससे घास काट रहे दो और लोगों का ध्यान उनकी ओर गया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद महिला का पति भी आतंकियों के चंगुल से भाग निकला था। इस दौरान बच्ची की मामूली चोटें आईं।

खबर संक्षेप

दुष्कर्म से बचने के लिए महिला चलती ट्रेन से कूदी

हैदराबाद। तेलंगाना के हैदराबाद में 23 वर्षीय महिला दुष्कर्म से बचने के लिए चलती ट्रेन से कूद गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जीआरपी ने बताया कि राजकीय गांधी अस्पताल में महिला का इलाज किया जा रहा है। उसने पुलिस को रविवार को बताया था कि यह घटना 22 मार्च की शाम को हुई थी। पीड़िता के साथ यह घटना उस दौरान हुई जब वह सिकंदराबाद से मेडचल जा रही एमएमटीएस ट्रेन के महिला डिब्बे में अकेले यात्रा कर रही थी।

पाकः 53 अफगान बच्चों को किया डिपोर्ट

पेशावर। पाकिस्तान में खैबर जिले की सीमा के जरिए अवैध रूप से देश में आए 53 अफगान बच्चों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि इन बच्चों ने काम की तलाश में पाकिस्तान में घुसने के लिए सीमा पर लगी बाड़ को काट दिया था। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को रविवार को अफगानिस्तान के प्राधिकारियों को सौंप दिया गया। तोरखम सीमा चौकी पर तैनात अधिकारियों ने इन अफगान बच्चों की वापसी सुनिश्चित की।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर की है विवादित टिप्पणी

कामरा के वीडियो से बवाल, शिवसैनिकों ने की होटल और स्टूडियो में तोड़फोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कॉमेडियन कुणाल कामरा को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करना भारी पड़ गया। कुणाल के महाराष्ट्र की राजनीति पर बनाए गए वीडियो से बवाल मच गया। कुणाल ने वीडियो में बिना नाम लिए एकनाथ शिंदे का मजाक उड़ाया है। रविवार (23 मार्च) को वीडियो सामने आते ही शिवसैनिक नाराज हो गए। गुस्साए शिंदे गुट के शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई के स्टूडियो और होटल यूनिकॉन्टिनेंटल में तोड़फोड़ की। मुंबई के एमआईडीसी पुलिस थाने में कामरा के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। कार्यकर्ताओं की मांग है कि कुणाल कामरा को तुरंत अरेस्ट किया जाए। शिंदे समर्थकों ने मुंबई के एमआईडीसी पुलिस थाने में कामरा के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है।

'माफी नहीं मांगूंगा, कानून का पालन करूंगा : कामरा

कॉमेडियन के वीडियो को लेकर दर्ज की गई एफआईआर के मामले में मुबंई पुलिस ने कुणाल कामरा से फोन पर संपर्क किया. कॉमेडियन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह फिलहाल मुंबई में मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि वह माफी नहीं मांगेंगे। हालांकि जांच में पूरा सहयोग करेंगे. हालांकि पुलिस अधिकारियों ने अब तक उन्हें पेशी के लिए कोई तारीख नहीं दी है।

कुणाल पर एफआईआर

शिंदे सेना विधायक मुराजी पटेल कुणाल कामरा के खिलाफ एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है। शिवसेना नेता राहुल कनाल ने खार पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा, आदित्य ठाकरे, संजय राउत और राहुल गांधी के खिलाफ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अपमान करने और उन पर सोशल मीडिया पर लगातार हमला करने के लिए बीएनएस की उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है।

यह है विवादित गीत

कुणाल कामरा ने एक गाना गया है। कामरा ने गाया-ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय! एक झलक दिखलाए कभी, गुवाहाटी में छुप जाए। मेरी नजर से तुम देखो गद्दार नजर वो आए। ठाणे की रिक्शा, चेहरे पर दाढ़ी , आंखों ओआ चश्मा हाय। मंत्री नहीं है वो दल बदलू हैं और कहा क्या जाए, जिस थाली में खाये उसमें ही वो छेद कर जाए। मंत्रालय से ज्यादा फडणवीस की गोदी में मिल जाए। तीर कमान मिला है इसको बाप मेरा ये चाहे ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय।

किसने क्या कहा

जो गद्दार है वो गद्दार है गाने में कोई कमी नहीं

कुणाल कामरा की कॉमेडी को लेकर यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कुणाल कामरा ने कुछ गलत कहा है। जो गद्दार है वो गद्दार है। उसके गाने में कोई कमी नहीं है। पूरा गाना सुनें और दूसरों को भी सुनाएं. उद्धव ने कहा कि शिवसेना का इस हमले से कोई लेना-देना नहीं है। जिनके खून में 'गद्दारी' है वह कभी शिवसैनिक नहीं हो सकते।

जनता ने बता दिया कि गद्दार कौन- फडणवीस

जिस प्रकार से स्टैंडअप कॉमेडियन कामरा ने एक गीत के माध्यम से महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपमानित करने का प्रयास किया है, यह गलत है। हम उसकी निंदा करते हैं. ऐसी चीजों को सहन नहीं किया जा सकता। कामरा को पता होना चाहिए कि जनता ने 2024 के चुनाव में फैसला कर दिया है कि कौन गद्दार है? बालासाहेब ठाकरे की विरासत एकनाथ शिंदे के पास है। उस पर जनता की मोहर लगी है। कुणाल कामरा माफी मांगनी चाहिए।

'अगर एजुकेशन सिस्टम आरएसएस के कब्जे में आ गया तो देश बर्बाद हो जाएगा'

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को जंतर-मंतर पर एनईपी 2020, यूजीसी ड्राफ्ट नियमों और पेपर लीक के खिलाफ इंडिया गठबंधन के छात्रों की तरफ से आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इसमें राहुल गांधी ने कहा कि एक संगठन भारत के भविष्य और एजुकेशन सिस्टम को खत्म करने की की कोशिश में लगा हुआ है। उस संगठन का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'सच्चाई है कि अगर हमारा एजुकेशन सिस्टम उनके हाथों में चला गया जो धीरे-धीरे जा भी रहा है तो यह देश बर्बाद हो जाएगा। इस देश में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा और यह देश खत्म हो जाएगा। मुझे बहुत खुशी है कि सारे के सारे छात्र संगठन आज यहां पर आए हैं क्योंकि आप की जिम्मेदारी बनती है कि देश के छात्रों को बताया जाए कि आज हिंदुस्तान की यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर आरएसएस नॉमिनेटिड हैं और आने वाले समय में स्टेट यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर भी आरएसएस के नॉमिनेशन से बनेंगे।'

देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने कुंभ मेले के बारे में बात की थी। मैं उनसे कहना चाहता था कि कुंभ मेले पर बोलना अच्छी बात है लेकिन उन्हें भविष्य के बारे में भी बोलना चाहिए। उन्हें बेरोजगारी के खिलाफ बोलना चाहिए।

सांसदों की बल्ले-बल्ले, बढ़ गई सैलरी

राहुल गांधी ने प्रदर्शन करने वाले छात्रों से कहा कि आप इंडिया गठबंधन के छात्र हैं, हमारी विचारधाराओं और नीतियों में कुछ मतभेद हो सकते हैं लेकिन हम देश के एजुकेशन सिस्टम पर कभी समझौता नहीं कर सकते। हम इस लड़ाई को एक साथ लड़ेंगे और आरएसएस को पीछे धकेलेंगे। गांधी ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में टीचर्स और एकेडमिक स्टाफ की नियुक्ति पर यूजीसी के मसौदा नियम आरएसएस के एजेंडे को बढ़ावा देने की एक कोशिश है, जिसका उद्देश्य देश पर एक इतिहास, एक परंपरा, एक भाषा को थोपना है।

एनएचएआई के जीएम ले रहे थे 15 लाख घूस, सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा

एजेंसी ▶▶| पटना

■ घर से भी बरामद हुए 1.18 करोड़ रुपए

एनएचएआई के जीएम को सीबीआई ने रंगे हाथों घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने जब उन्हें पकड़ा तो वे 15 लाख रुपए घूस ले रहे थे। सीबीआई ने जीएम के साथ 3 और लोगों को भी गिरफ्तार किया है। जीएम का नाम रामप्रीत पासवान बताया जा रहा है, वे पटना रीजनल ऑफिस में अभी तैनात हैं। वहीं, एनएचआई ने उनके घर छापेमारी भी की, जिसमें करोड़ों रुपए कैश भी बरामद किए गए हैं। सीबीआई ने मामले में बताया कि आज एनएचएआई के जीएम समेत 4 आरोपियों और एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने एनएचएआई के अनुबंधों/कार्यों से संबंधित बिलों को संसाधित करने और पास करने में अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए अवैध रूप से 15 लाख रुपए की रिश्वत का तुरंत आदान-प्रदान किया।

यह है आरोप

इन सभी पर आरोप लगाया गया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आरोपी अधिकारी, निजी कंपनी के आरोपी प्रतिनिधियों के साथ मिलीभगत करते हुए, घूस के बदले में आरोपी निजी कंपनी को दिए गए एनएचएआई के अनुबंधों/कार्यों से संबंधित बिलों के प्रसंस्करण और पारित करने में अनुचित पक्षपात/लाभ की सुविधा प्रदान कर रहे थे। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया था कि रिश्वत के पैसे का इंतजाम करने के बाद, निजी कंपनी के एक आरोपी ने 22 मार्च को रिश्वत की रकम पहुंचाने के लिए पटना में एक निश्चित स्थान पर आरोपी अधिकारी से मिलने का फैसला किया।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था, 'स्तन पकड़ना, नाड़ा तोड़ना रेप की कोशिश नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट ने नाबालिग लड़की के साथ हुए कृत्य को दुष्कर्म न मानते हुए उसे यौन उत्पीड़न करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने इस याचिका को खारिज करते हुए कहा कि वह इस पर सुनवाई के लिए इच्छुक नहीं है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने अपनी दलील पेश करने की कोशिश की, जिसमें उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना का जिक्र किया। इस पर जस्टिस बेला त्रिवेदी ने याचिकाकर्ता के वकील को बीच में ही टोकते हुए कहा कि अदालत में कोई 'लेक्चरबाजी' न करें।

सुको ने पूछा सवाल

यह याचिका सुप्रीम कोर्ट की वकील अंजलि पटेल की ओर से दायर की गई थी। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले में दर्ज कुछ टिप्पणियों को हटाने और उसे रद्द करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि हाल के कुछ मामलों में हाईकोर्ट के जजों ने अनुचित टिप्पणियां की हैं, इसलिए जजों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए। इस पर फिर सुप्रीम कोर्ट ने वकील से पूछा कि याचिकाकर्ता कहां है? वकील ने बताया कि वह शहर से बाहर हैं. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया।

एर्दोगान के प्रतिद्वंद्वी को जेल में डालने के विरूद्ध प्रदर्शन हिरासत में कई पत्रकार

एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल

तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल के महापौर और राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान के कट्टर विरोधी को कैद किए जाने के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच अधिकारियों ने कई पत्रकारों को हिरासत में ले लिया। एक मीडिया कर्मचारी संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अदालत ने रविवार को महापौर एक्रेम इमामोग्लू को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने और भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुकदमा चलने तक उन्हें जेल में रखने का आदेश दिया था। इमामोग्लू को बुधवार को हिरासत में लिये जाने के बाद बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर गये, जो एक दशक से भी अधिक समय में सबसे बड़ा प्रदर्शन है। ऐसे में देश में लोकतंत्र एवं कानून के शासन को लेकर गही चिंता उत्पन्न हो गयी है।

अब तक 1133 हिरासत में

गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि 19 मार्च को महापौर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया और तब से अब तक कुल 1,133 लोगों को हिरासत में लिया गया है । उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शनों में 123 पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि तेजाब, बम और चाकू जैसी खतरनाक हथियार जब्त किये गये हैं। येरलिकाया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, "कुछ लोग इकट्ठा होने और प्रदर्शन के अधिकार का दुरुपयोग कर रहे हैं, सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित, सड़कों पर अशांति फैलाने और हमारी पुलिस पर हमला करने का प्रयास कर रहे हैं।"

ऑस्कर को 'नाइंसाफी' पर लगाई लताड़

मुंबई। बॉलीवुड की सुपरस्टार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने एकेडमी अवॉर्ड्स को कोसा है। एक्ट्रेस ने सीधे शब्दों में यह इशारा किया है कि क्या वाकई भारतीय फिल्मों को जानबूझकर दूर रखा जाता है? उन्होंने 'लापता लेडीज' जैसी बेहतरीन फिल्म को ऑस्कर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है और इसे 'नाइंसाफी' करार दिया है। दीपिका से पहले बीते दिनों कंगना रनौत भी ऑस्कर अवॉर्ड्स पर भड़क गई थीं। उन्होंने सधे हुए शब्दों में कहा था कि अमेरिका अपना सच कभी नहीं स्वीकार करता कि वह ऑस्कर सिर्फ अपने पास रखता है। कंगना ने यह भी कहा था कि अगर हॉलीवुड के पास ऑस्कर है, तो भारत में भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हैं। किरण राव के डायरेक्शन में बनी 'लापता लेडीज' भारत की ओर से ऑस्कर 2025 के लिए ऑफिशियल एंट्री थी, लेकिन इसे नॉमिनेशन नहीं मिला। यह पहली बार नहीं है, जब कोई भारतीय फिल्म ऑस्कर जीतने से चूक गई। दीपिका पादुकोण ने इस हार पर खेद जताते हुए कहा है कि किसी अच्छी इंडियन फिल्म को ऑस्कर की रेस से बाहर कर देना पली बार नहीं हुआ है। भारतीय सिनेमा और भारतीय टैलेंट के साथ यह 'नाइंसाफी' बार-बार, कई बार हुआ है। दीपिका पादुकोण पेरिस में फैशन ब्रांड 'लुई वुइटन' एक शो में हिस्सा लेने पहुंची हैं। रविवार, 23 मार्च की शाम को उन्होंने शो के लिए तैयार होते हुए अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें उन्होंने ऑस्कर अवॉर्ड्स के बारे में बात की।

'विदाउट प्रेजुडिस' 28 को होगा रिलीज

मुंबई। गुरु रंधावा के फैंस लंबे समय से उनके नए गाने या एल्बम की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब उनका इंतजार खत्म होने वाला है। गुरु रंधावा ने अपने नए एलबम के लिए वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। यह

साझेदारी गुरु रंधावा के करियर में अहम साबित होगी, क्योंकि साल 2023 के बाद रंधावा अपना पहला स्टूडियो एल्बम 'विदाउट प्रेजुडिस' रिलीज करने को तैयार हैं। गुरु रंधावा के आगामी एल्बम में कुल नौ गाने संकलित होंगे। इसमें स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज, कतल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, किथे वसदे ने, सारे कनेक्शन और गल्ला बातें शामिल हैं। इसका पहला सिंगल 'गल्ला बातें'म्यूजिक वीडियो के साथ 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। इस एल्बम में जहर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकार शामिल हैं। नए एल्बम को लेकर गुरु रंधावा उत्साहित हैं। उन्होंने साझा किया, 'यह एल्बम विकास को दर्शाता है, ना सिर्फ मेरे लिए, बल्कि उस म्यूजिक के लिए भी जो मैं बनाना चाहता हूं। और उन दर्शकों से भी, जिनसे मैं जुड़ना चाहता हूं। कुश हूवार्नर म्यूजिक के साथ जुड़कर मैं काफी रोमांचित हूं।'

ताहिरा जापान में हिरणों से घिरी दिखीं....

Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur, Chhattisgarh
Center for Basic Sciences,
Admission Notice (CBS-EST-2025)
5-Year Integrated M.Sc. Program

The Entrance test for admission to the 5-Year Integrated M.Sc. program in basic sciences- Physics, Zoology, Botany Chemistry, and Mathematics at the Center for Basic Sciences (CBS), Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur, Chhattisgarh, will be conducted by Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur. The selected candidates will be called for counseling and admission will be strictly done according to the merit list. The candidates admitted to the 5-year Integrated M.Sc. program are eligible for a scholarship of Rs. 5000/- per month (for 40 seats with scholarship). The details of the entrance test, mode of payment, online application, and other details can be found on website www.prsu.ac.in.

Educational qualifications: Candidates seeking admission to the Center for Basic Sciences for the academic session 2025-26 should be from the science stream (having any combination of Biology/Chemistry/Mathematics/Physics) in class XII. Candidates who have passed the class XII examination or equivalent from any recognized Board in India or are appearing in, 2025 can appear in the entrance examination. Candidates securing at least 60% marks in aggregate or equivalent grade in class 12th examination will be eligible for admission to CBS. For candidates belonging to scheduled cast (SC) and scheduled tribe (ST) categories, the minimum requirement of marks is 55% in aggregate.

No. of seats & reservations: for the academic session 2025-26, the total no. of seats 60 [40 seats with scholarship [20 (PCB) & 20 (PCM)] & 20 Payment Seats without scholarship [10 (PCB) & 10 (PCM)]. The no of seats reserved for SC, ST & OBC (Non-Creamy-Layer) in EST is according to the Government of Chhattisgarh norms.

Syllabus: The syllabus for the entrance test primarily follows the science syllabus of classes XI-XII. Refer to Information Bulletin for a detailed syllabus. The language of the question paper will be English & Hindi.

How to apply: To apply for the entrance examination candidates can fill out the application form online on or before April 25, 2025, through the link: http://prsuuniv.in or www.prsu.ac.in.

Application fee: The application fee for the candidates of the Unreserved/OBC category is Rs. 1000/-. The application fee for SC/ST candidates is Rs. 550/-. for queries contact us at Phone: 0771-2262216; Email: cbsprsu@gmail.com.

Important dates:
1. Start of the online application process: March 25, 2025
2. Closing date of online submission of application forms: April 25, 2025
3. Downloading of Admit card (online) starts from: May 02, 2025
4. Entrance test dates and time: **May 20, 2025 (Tuesday), 11:00 AM to 2:00 PM**
5. Declaration of Results: May 28, 2025
6. Counselling Date: June 17, 2025 for the UR category, June 19, 2025 for the reserved category and June 23, 2025 for the payment seat.

S-43329/2 Registrar

POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR

(2nd Call)
Notice Inviting Tender

No. PHQ/SIB/Sec-9/853/2025 **Raipur, Dated: 20 /03/2025**

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from manufacturers (OEM) or authorized firm of manufacturer's (only one firm) for the following item -

Sl. No.	Name of Items	Qty.(No.)	EMD in Rs.
1	Naxal & Criminal Profile Database Analysis Systems	01	1,00,000/-

Note - Quantity will be variable.

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

SCHEDULE FOR TENDER

a)	Address for submission of Tender Document:-	Block No.-4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh
b)	Last Date and Time of Submission on Bids	11/04/2025 till 03.00 pm
c)	Place, Time and Date of opening Technical Bid :-	Block No. 1, Room No.105 Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh 11/04/2025 at 4:00 pm
d)	Place, Time and Date of opening Financial Bid :-	Shall be intimated later.
e)	Date till which the Bid to remain valid	180 days from the last date of submission of the Bid. The validity period will be extended with mutual consent.

Note:-1. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day. **2.**Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee of Rs. 3000/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favour of Director General of Police, Chhattisgarh, Police Headquarters, Atal Nagar Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 3000/- to be deposited in the Head of A/c- 0055-Police- 800- other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition. **3.**Modification/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised on the news paper but shall be published in the aforesaid web site only and the time of submission of bid will also be extended if required. **4.**If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03.00 pm on 11/04/2025 at Block No.-4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.

I.G. of Police (SIB)
For-Director General of Police

G-242506125/1

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता Annexure- II
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
ई मेल पता:- ee-res. Dantewada@nic.in

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना तृतीय बार : निविदा क्रमांक- 14

क्रमांक / 304 / लेखा / ग्रा.या. सेवा / 2025 **दन्तेवाड़ा, दिनांक 24/3/2025**

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा प्राप्ति दिनांक 03/04/2025 तक संध्या 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की लागत (रू. लाख में)
1	2	3
1	प्राथमिक शाला डोंगरीपारा तेलम में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	14.54 लाख
2	प्राथमिक शाला गोलापारा मोखपाल एवं कोटवारपारा छोटेगुडरा में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
3	प्राथमिक शाला मिचगोंदीपारा गुड़से एवं ईत्तापारा गुड़से में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
4	प्राथमिक शाला कोरीपारा गुड़से एवं जंगलपारा चिकपाल में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
5	प्राथमिक शाला जंगलपारा परचेली एवं स्कूलपारा बड़ेगादम में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख
6	प्राथमिक शाला पटेलपारा बड़ेगादम एवं लिम्बुडीहपारा प्रतापगिरी बड़ेगादम में नवीन भवन निर्माण कार्य (विद्युतीकरण छोड़कर)	29.08 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 25/03/2025 से 28/03/2025 तक निशुल्क डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-242506128/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

-:: ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना ::- दिनांक :- 21.03.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 09.04.2025 तक है।**

एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 443 Tender no. 166183	जिला न्यायालय महासमुंद में ग्रेडिंग एवं वाटर प्रुफिंग का कार्य ।	रू. 14.40 लाख
NIT NO. 444 Tender no. 166184	जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत स्व. श्री राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के ब्लॉक न. 2 में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य ।	रू. 21.85 लाख
NIT NO. 445 Tender no. 166186	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सेम्हराडीह में उप स्वास्थय केन्द्र भवन का निर्माण कार्य ।	रू. 25.45 लाख
NIT NO. 446 Tender no. 166188	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत तहसील कार्यालय भवन सोनाखान का निर्माण कार्य ।	रू. 65.40 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)** निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

G -242506113/2

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER INDRAWATI PROJECT CIRCLE, JAGDALPUR (CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(Third Call)

System Tender No. 165944/ NIT No.: 05/SAC/24-25 Dated: 21.03.2025

Online Tenders are invited for the following works up to 07.04.2025 at 17.30 Hours.

Name of work - Construction of Sub Divisional Officer Office Building, Residential Building and Boundary Wall at Block Keshkal, District Kondagaon.

Probable Amount of Contract: - **Rs. 109.43 Lakhs**
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from **Date 28.03.2025, at 17.31 Hours.** (IST) onwards.

NOTE - All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e- procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Resources Division, Kondagaon
For, Superintending Engineer
Indrawati Project Circle, Jagdalpur (C.G.)

G-242506119/2

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

आईपीएल : एक विकेट की रोमांचक जीत, दिल्ली ने लखनऊ को हराया

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स ने 'इम्पैक्ट सब' आशुतोष शर्मा की सूझबूझ से खेली गई 31 गेंद में नाबाद 66 रन की तूफानी पारी से सोमवार को यहां आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को तीन गेंद रहते एक विकेट से हरा दिया। आशुतोष ने शाहबाज अहमद की गेंद पर गगनदायी छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने इससे पहले एलएसजी को आठ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया। फिर उसने आशुतोष की धमाकेदार पारी 19.3 ओवर में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की।

'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने खेली नाबाद 66 रन की तूफानी पारी

तीन विकेट पर सात रन के बाद जीता मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत काफी खराब रही जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर सात रन था। इससे ऐसा लग रहा था कि यह लक्ष्य उसके लिए बहुत बड़ा है लेकिन आशुतोष ने उसकी उम्मीदों को पंख लगाकर जीत दिलाई। आशुतोष और विप्रज निगम (39 रन) ने तेजी से खेलते हुए सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 55 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 42 रन की जरूरत थी। पर 17वें ओवर की पहली गेंद पर राठी की कैरम बॉल लेग साइड पर फ्लिक करने के प्रयास में विप्रज कैच आउट हो गए। दूसरे छोर पर साथ नहीं मिलने के बावजूद आशुतोष अंत तक डटे रहे और अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया।

स्टार्क ने झटके तीन विकेट

दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिचेल स्टार्क ने 42 रन देकर तीन और कुलदीप यादव ने 20 रन देकर दो विकेट झटके। एक समय ऐसा लग रहा था कि एलएसजी 240 रन से अधिक का स्कोर खड़ा करेगी लेकिन कुलदीप और मिचेल स्टार्क के शानदार स्पेल की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने प्रतिद्वंद्वी टीम की आक्रामकता पर ब्रेक लगा दिया।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स	रन	गेंद	4	6
मारक्रम का स्टार्क बो निगम	15	13	1	1
मार्श का स्टब्स बो मुकेश	72	36	6	6
निकोलस बो मिचेल स्टार्क	75	30	6	7
पंत का डुप्लेसी बो कुलदीप	00	06	0	0
डेविड मिलर नाबाद	27	19	1	2
बदोनी का स्टब्स बो कुलदीप	04	05	0	0
शार्दुल ठाकुर रन आउट	00	02	0	0
अहमद का सब बो मिचेल स्टार्क	00	08	1	0
रवि बिश्नोई बो मिचेल स्टार्क	00	02	0	0
दिग्वेश राठी नाबाद	00	00	0	0

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 209/8
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-42-3, अक्षर 3-0-18-0, निगम 2-0-35-1, मुकेश 2-0-22-1, कुलदीप 4-0-20-2, मोहित 4-0-42-0, स्टब्स 1-0-28-0.

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
मैकगुर्क का बडोनी बो ठाकुर	01	02	0	0
डुप्लेसी का मिलर बो रवि बिश्नोई	29	18	3	2
अभिषेक पोरेल का पूरन बो ठाकुर	00	02	0	0
समीर रिज्वी का पंत बो सिद्धार्थ	04	04	1	0
अक्षर पटेल का पूरन बो राठी	22	11	3	1
ट्रिस्टन स्टब्स बो सिद्धार्थ	34	22	1	3
आशुतोष शर्मा नाबाद	66	31	5	5
निगम का सिद्धार्थ बो राठी	39	15	5	2
मिचेल स्टार्क का पंत बो बिश्नोई	02	05	0	0
कुलदीप यादव रन आउट	05	05	1	0
मोहित शर्मा नाबाद	01	02	0	0

अतिरिक्त : 08, कुल : 19.3 ओवर में 211/9
गेंदबाजी : शार्दुल 2-0-19-2, सिद्धार्थ 4-0-39-2, राठी 4-0-31-2, रवि बिश्नोई 2-0-22-1, प्रिंस 4-0-53-2, अहमद 1.3-0-22-0.

खास खबर

धोनी की फुर्ती देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हेडन

चेन्नई। महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं।

आज अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका।

कोवेंट्री का जिंबॉब्वे पहुंचने पर भव्य स्वागत

हरारे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री का अपने गृह देश जिंबॉब्वे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। अफ्रीका के देश जिंबॉब्वे को वर्षों तक अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों से अलगाव और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। जिंबॉब्वे की खेल मंत्री 41 वर्षीय कोवेंट्री आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र महिला उम्मीदवार थीं और वह विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था की प्रमुख चुनी जाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी हैं। कोवेंट्री ने रविवार को जिंबॉब्वे पहुंचने पर कहा, 'यह सिर्फ मेरी सफलता नहीं है, यह हमारी सफलता है। हमने बाधाओं को पार कर दिया।'

रहाणे, अश्विन सहित 8 खिलाड़ियों की हुई घर वापसी, एक बना कप्तान

आर अश्विन

आर अश्विन को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। वह पिछले सीजन राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। चेन्नई ने 2015 में रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए।

भुवनेश्वर कुमार

तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को मेगा ऑक्शन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद आरसीबी ने इस गेंदबाज को अपने खेमे में शामिल किया। साल 2010 में आरसीबी ने भुवनेश्वर कुमार को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद के साथ रहे और कप्तानी भी संभाली।

ग्लेन मैक्सवेल

ग्लेन मैक्सवेल को पंजाब किंग्स ने मेगा ऑक्शन में खरीदा। साल 2020 में पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह आरसीबी का हिस्सा रहे। अब फिर से पंजाब फ्रेंचाइजी ने मैक्सवेल पर भरोसा जताया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। फटाफट क्रिकेट का उद्घाटन मुकाबला केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। आरसीबी ने जीत के साथ आगाज किया है। 18वें सीजन की शुरुआत से पहले मेगा ऑक्शन हुआ था और 10 फ्रेंचाइजियों की पूरी की पूरी टीम बदल गई।

हर टीम में नए चेहरे शामिल हो गए हैं। किसी ने अपनी टीम छोड़ नई टीम में जगह बनाई तो किसी-किसी ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी में सालों बाद वापसी की। इसमें दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने घर वापसी की है। ऐसे 8 खिलाड़ी हैं जिनकी पुरानी टीम में वापसी हुई है। इसमें अजिंक्य रहाणे और अश्विन का भी नाम शामिल है। आइए जानते हैं उन 8 खिलाड़ियों के बारे में...

अजिंक्य रहाणे को मिली कप्तानी

चेन्नई सुपर किंग्स ने साल 2023 में अजिंक्य रहाणे को खरीदा था। रहाणे उस सीजन चैंपियन रहे और अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 तक चेन्नई के साथ रहे। इसके बाद मेगा ऑक्शन में एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पुराने बल्लेबाज को खरीद लिया और इस सीजन के लिए अपना कप्तान भी नियुक्त किया।

मनीष पांडे

केकेआर ने अपने पुराने बल्लेबाज को घर बुला लिया है। मनीष पांडे ने साल 2014 के फाइनल में केकेआर के लिए 94 रन की पारी खेली थी और केकेआर ने पहली बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती थी। साल 2017 में केकेआर ने पांडे को रिलीज कर दिया। अब एक बार फिर फ्रेंचाइजी ने अपने साथ जोड़ा है।

ट्रेंट बोल्ट

राजस्थान रॉयल्स के लिए पावर प्ले में विकेट चटकाने वाले ट्रेंट बोल्ट अब मुंबई के लिए यह काम करते हुए दिखाई देंगे। बोल्ट की घर वापसी हुई है। 2021 में मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट को रिलीज कर दिया था। अब फिर से अपने तेज गेंदबाज को वापस हासिल कर लिया है।

सैम करन

साल 2021 में चेन्नई सुपर ने सैम करन को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स से जुड़े और फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की। हालांकि, इस सीजन फिर चेन्नई ने सैम करन पर दांव खेला और इंग्लिश ऑलराउंडर को अपनी टीम में शामिल कर लिया।

जोफ्रा आर्चर

साल 2021 तक राजस्थान के लिए खेलने वाले जोफ्रा आर्चर को मुंबई इंडियंस ने अपने साथ जोड़ा था। हालांकि, इंजरी की वजह से ज्यादा आईपीएल के मैच खेल नहीं सके। अब राजस्थान रॉयल्स ने अपने पुराने गेंदबाज को फिर से घर बुला लिया है।

अश्विन की क्रिकेट समझ के कायल हैं रचिन

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स की मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत के नायक रचिन रविंद्र ने इसका श्रेय क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने वाले रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई वाले स्पिन आक्रमण को दिया। रविंद्र ने कहा, 'ऐश (अश्विन) एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। वह टीम के साथ अपना व्यापक अनुभव और क्रिकेट ज्ञान को जोड़ता है। मेरे कहने का मतलब है कि वह जिस तरह से स्पिन गेंदबाजी के बारे में अपनी बात रखता है और टिप्स देता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और भारत के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं।'

पुथुर ने पदार्पण मैच में किया प्रभावित

मुंबई। भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गए इस मैच को चार विकेट से हार गई। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है।

खबर संक्षेप

मीनाक्षी ने विश्व चैंपियन नीतू को चटाई धूल

ग्रेटर नोएडा। अखिल भारतीय पुलिस की मुक्केबाज मीनाक्षी ने सोमवार को यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की विश्व चैंपियन नीतू घंघास को हराकर 48 किग्रा खिताब के बचाव की ओर एक कदम आगे बढ़ाया। एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 24 वर्षीय मीनाक्षी ने तीनों राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और 4-1 से विभाजित फैसले से जीत हासिल कर प्रतियोगिता में सबसे बड़ा उलटफेर किया। अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू लय में नहीं दिखीं और संघर्ष करती रहीं।

पूर्व राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता सुमित रेड्डी का संन्यास

नई दिल्ली। भारत के युगल विशेषज्ञ और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित रजत पदक विजेता टीम के सदस्य बी सुमित रेड्डी ने कोचिंग पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने की घोषणा की। हैदराबाद के 33 वर्षीय खिलाड़ी ने पुरुष युगल में मनु अत्री के साथ जोड़ी बनाई और अपनी पत्नी एन सिक्की रेड्डी सहित कई खिलाड़ियों के साथ मिश्रित युगल भी खेला।

नेशंस लीग फुटबॉल

स्पेन-फ्रांस पेनल्टी शूटआउट में जीत से सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| पेरिस

गत चैंपियन स्पेन और फ्रांस ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के अलावा जर्मनी और पुर्तगाल भी अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ दूसरे चरण के मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करके 3-3 से ड्रॉ खेला।

इस तरह से कुल स्कोर 5-5 से बराबर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने डोनियल मैलेन के प्रयास को नाकाम कर दिया। इसके बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने निर्णायक पेनल्टी किक मारी। इस तरह से स्पेन ने शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की।

एम्बाप्पे लगातार 7वें मैच में फेल

फ्रांस ने भी पेनल्टी शूटआउट में क्रोएशिया को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे लगातार सातवें मैच में अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से गोल नहीं कर पाए। लेकिन माइकल ओलिसे ने 52वें मिनट में फ्री किक पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया जबकि ओस्मान डेम्बेले ने निर्धारित समय से 10 मिनट पहले गोल करके कुल स्कोर 2-2 कर दिया। क्रोएशिया ने पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था। पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस के गोलकीपर माइक मेगनन ने जोसिप स्टानिसिच के शॉट का शानदार बचाव किया जिसके बाद डेयोट उपामेकानो ने निर्णायक गोल किया।

जर्मनी और पुर्तगाल की शीर्ष चार में एंट्री

जर्मनी ने इटली के खिलाफ पहले हाफ में तीन गोल किए लेकिन फिर 3-3 की बराबरी पर रहकर 5-4 के कुल स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुर्तगाल ने लिस्बन में पहला चरण 1-0 से हारने के बाद अतिरिक्त समय तक चले मैच में डेनमार्क को 5-2 के कुल स्कोर से पराजित किया। फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने पुर्तगाल के लिए दो गोल किए जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो शुरुआती पेनल्टी चूक गए। पहले सेमीफाइनल चार जून को म्यूनिख में जर्मनी और पुर्तगाल के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पांच जून को स्टटगार्ट में फ्रांस और स्पेन के बीच मुकाबला होगा। फाइनल आठ जून को खेला जाएगा।

पुणे में होगा बिली जीन किंग कप का टूर्नामेंट

पुणे। बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक टूर्नामेंट आठ से 12 अप्रैल तक यहां बालेवाड़ी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित छह टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में अन्य टीमें न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन, कोरिया और थाईलैंड होंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच, दो एकल और उसके बाद युगल मुकाबले होंगे। टीमें इस क्षेत्र से उपलब्ध दो क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, 'मुंबई ओपन डब्लूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्च स्तर का एक और टूर्नामेंट हासिल कर रोमांचित है।' भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अंकिता रैना करेंगी और इसमें सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी शामिल होंगी जिनकी रैंकिंग 300 से 358 के बीच है।

प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को रखूंगा अपडेट : धोनी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

करिश्माई क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने ऋतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने के बावजूद पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को खारिज किया। धोनी ने कह कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। धोनी ने कहा, 'बल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और साथ ही वे अपने शॉट चयन में सुधार कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। मैं उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी खुद को ढालना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए यही जरूरी है। आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा। हमने जिस तरह से 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न लेते थे लेकिन अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं।

हरमनप्रीत, मंधाना, दीप्ति केंद्रीय अनुबंध की शीर्ष श्रेणी में बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को सोमवार को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध की सर्वोच्च श्रेणी है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर ऋचा घोष और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी ग्रेड बी में बनाए रखा गया है।

युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल, तेज गेंदबाज टिटास साधु और अरुंधति रेड्डी, ऑलराउंडर अमनजोत कौर और विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। उन्हें यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के साथ ग्रेड सी में शामिल किया गया है। केंद्रीय अनुबंध में ए श्रेणी में शामिल महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख, बी श्रेणी की क्रिकेटर को 30 लाख और सी श्रेणी की क्रिकेटर को 10 लाख रुपए मिलते हैं।

अनुबंध वाले खिलाड़ियों की सूची

ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा।
ग्रेड बी : रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शेफाली वर्मा।
ग्रेड सी : यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, टिटास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर।

नौसेना ने पहली बार शुरू की 'आईओएस सागर' और 'अकेयम युद्धाभ्यास' जैसी अनोखी पहल

चीन की आक्रामकता के बीच हिंद महासागर क्षेत्र के मजबूत भागीदार और सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले बल के रूप में बढ़ेगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक अहम-पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और सबसे पहले प्रतिक्रिया के साथ सहायता प्रदान करने वाले समुद्री बल के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। इसके लिए उसने 'इंडियन ओसियन शिप 'सागर' और 'बहुपक्षीय अकेयम युद्धाभ्यास' जैसी दो नई और अनोखी पहल की पहली बार शुरुआत की है। दोनों के केंद्र में अफ्रीका महाद्वीप के पूर्वी भाग में मौजूद भारत के मित्र देश (एफसीसी) शामिल हैं। आईओएस सागर के लिए नौसेना के अपतटीय जहाज सुनयना का प्रयोग किया जाएगा। जबकि अकेयम एक बहुपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास है, जिसका संस्कृत में अर्थ होता है एकता।

सुनयना पर सवार होंगे 9 देशों के 44 कर्मी

वाइस एडमिरल सोबती ने बताया कि आईओएस सागर के

तहत भारतीय नौसेना के साथ अफ्रीकी महाद्वीप के 9 देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका) के 44 कर्मी सुनयना जहाज पर सवार होकर हिंद महासागर के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में एक साथ समुद्री गश्त के साथ विशिष्ट आर्थिक जोन (ईईजेड) की निगरानी करते हुए नजर आएंगे। इनकी यह तैनाती कुल 33 दिन की होगी।

पीएम का महासागर विजन अहम

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईओआर और इसमें भी विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भारत के समुद्री संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य के साथ 2015 में मॉरीशस से सागर विजन की शुरुआत की थी। अब इसका एक दशक पूरा होने पर इसे और अधिक विस्तार प्रदान करते हुए इसी साल म्युचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रोस रीजंस (महासागर) विजन की घोषणा की गई है। एक महीने से अधिक की समुद्री यात्रा में तंजानिया का दार-एस-सलाम, नकाला, पोर्ट लुइस, पोर्ट विक्टोरिया और माले सुनयना के बंदरगाह पड़ाव के रूप में शामिल होंगे।

13 अप्रैल को शुरू होगी अकेयम

नौसेना के उप प्रमुख ने कहा कि 13 अप्रैल से तंजानिया के दार-एस-सलाम में होने वाला अफ्रीका इंडिया की मेरीटाइम इंगेजमेंट (अकेयम) युद्धाभ्यास कुल 6 दिन का होगा। जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इसका समापन 18 अप्रैल को होगा। भारत और तंजानिया की पीपल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) युद्धाभ्यास की सह-अध्यक्षता करेंगी। इसमें भारत के साथ कोमोरोस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाएं शामिल होंगी। अकेयम का उद्देश्य समुद्री सुरक्षा खतरों जैसे समुद्री डकैतों, मानव-मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध मछली पकड़ने जैसी मामलों के खिलाफ सहयोग बढ़ाना है।

खबर संक्षेप

राजस्थान में 40, मप्र में 39 डिग्री पहुंचा तापमान

नई दिल्ली। मप्र में ओले-बारिश और आंधी का दौर रविवार से थम गया। अगले 3 दिन तक पारे में

बढ़ोतरी होगी। पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 25-26 मार्च से प्रदेश में नए सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। राजस्थान में अगले तीन दिन उत्तर-पूर्वी हवा के असर से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होने की और आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान 33 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो सकता है।

मुख्य सचिव ने पेश किया शपथपत्र

बिलासपुर। सड़क पर केक काटकर बर्थ डे मनाने के मामले में रायपुर में हुई तीन घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट स्व संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा है, सोमवार को मुख्य सचिव ने कोर्ट में शपथपत्र पेश किया, इसमें बताया गया कि राज्य शासन द्वारा सड़कों पर इस तरह यातायात बाधित करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने के सबंध में एक सर्कुलर पिछले शुक्रवार को जारी किया गया है। रायपुर में करीब डेढ़ माह पहले सड़क पर माल ओनर के बेटे द्वारा सडक पर केक काटने की घटना हुई थी। बाद में इसी तरह कंग्रेस नेता ने भी जन्मदिन मनाया, रायपुर महापौर के बेटे ने भी सड़क पर आयोजन किया।

जिम ट्रेनर पर हथियारों से जानलेवा हमला

अंबिकापुर। शहर के बीच अग्रसेन चौक पर जिम ट्रेनर पर हमला और वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

गैंगवार जैसी घटना में आरोपियों ने जिम ट्रेनर पर रात के समय जानलेवा हमला किया था। बड़ी बात यह है कि युवक पर हमला करने वाला आरोपी जिला बदर है और इसके बाद भी वह शहर में बेखौफ होकर उत्पात मचा रहा है। बता दें कि शहर के रिंग रोड संत गहिरा गुरु आश्रम के समीप रहने वाला 23 वर्षीय मोनू साहू आ. स्व. नरेश साहू अग्रसेन चौक के पास संचालित 24 फिटनेस जिम में ट्रेनर का काम करता है।

गैस एजेंसी के ट्रक में लगी आग, एक के बाद एक सिलेंडर फटने से फैली दहशत

तीन मिनट में 400 सिलेंडर ब्लास्ट दहशत में घर छोड़कर भागे ग्रामीण

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के बिथरी चैनपुर में सोमवार की दोपहर एक गैस एजेंसी के ट्रक में आग लग गई, जिससे उसमें लदे 345 से ज्यादा सिलेंडरों में एक के बाद एक हुए जोरदार धमाकों से आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई।

एजेंसी ▶▶| बरेली

महालक्ष्मी गैस एजेंसी में दोपहर 12 बजे के करीब एक ट्रक 350 से 400 सिलेंडर लेकर पहुंचा था। बताया जा रहा है कि ट्रक में शॉर्ट सर्किट हुआ और धमाके के साथ आग लग गई। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर गांव के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेन्सी के ट्रक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद उस पर लदे सिलेंडरों में धमाके होना शुरू हो गये, एक के बाद एक 345 से ज्यादा सिलेंडरों में धमाके होने से आसपास के गांवों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और दहशत व्याप्त हो गयी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। धमाकों से घबराए ग्रामीणों ने गैस एजेंसी के गोदाम के आसपास का इलाका खाली करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी और दमकल कर्मी मौके पर पहुंची और करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझायी।

गोदाम पर खड़ा था सिलेंडर से भरा ट्रक

गोदाम पर सिलेंडर से भरा ट्रक खड़ा था। 12:48 बजे अचानक ट्रक के केबिन में आग लग गई। तभी ट्रक में लोड एक सिलेंडर फट गया। इससे आग पूरे ट्रक और गोदाम में फैल गई। रुक-रुक सिलेंडर में धमाके होने लगे। घटना से गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। गांव से बाहर आकर देखा तो पता चला कि गैस गोदाम में धमाके हो रहे हैं।

500 मीटर दूर सिलेंडर के टुकड़े गिरे

प्रत्यक्षदर्शी मोहित ने बताया, सोमवार दोपहर में सिलेंडर भरी गाड़ी आई थी। हम लोग 600 मीटर की दूरी पर थे। जैसे ही पहला सिलेंडर जब फटा तो लोगों में भगदड़ मच गई। हम अपनी जान बचाकर भागे। करीब 20 मिनट आग की लपटें उठती रहीं। सिलेंडर के टुकड़े रजऊ गांव में गिरे।

ड्राइवर ने भागकर जान बचाई

गैस एजेंसी सोमवार को बंद रहती है। इसलिए यहां सिर्फ चौकीदार दिनेश चंद्र शुक्ला, उनकी पत्नी और ट्रक ड्राइवर था। तीनों ने भागकर अपनी जान बचाई। ड्राइवर ने बताया, ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी।

चारधाम यात्रा में घंटों का सफर मिनटों में होगा पूरा

■ हरिद्वार-ऋषिकेश, जौलीग्रांट से भी हेली सेवा

हरिद्वार। उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए जौलीग्रांट, हरिद्वार और ऋषिकेश से भी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी है। ऐसे से में यूपी, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, आदि दूसरे राज्यों से आने वाली भक्तों का काफी समय बचेगा। इसके अलावा, भक्तजन आसानी से धामों में दर्शन भी कर सकेंगे। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे बाहर से चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश या जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आसानी होगी। वे सीधे इन शहरों से अपनी बुकिंग के अनुसार चारधाम के लिए उड़ान भर सकेंगे। इससे सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा। वर्तमान में दो धाम बदरीनाथ और केदारनाथ के लिए देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हेलीकॉप्टर उड़ान भरते हैं।

ऑनलाइन सट्टे पर प्रतिबंध के बावजूद कंपनियां कर रही उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टे पर प्रतिबंध के बावजूद भी कंपनियां उल्लंघन कर रहीं हैं। पूरे मामले को लेकर एक जनहित याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में लगाई गई है जिसकी सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने राज्य शासन के गृह विभाग के सचिव से जवाब मांगा है वही कंपनियों को भी नोटिस दिया गया है। याचिकाकर्ता सुनील नामदेव ने अधिवक्ता अमृतो दास के माध्यम से एक जनहित याचिका लगाई है। राज्य की ओर से उपस्थित महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत, उप महाधिवक्ता शशांक ठाकुर और अधिवक्ता तुषार धर दीवान ने पक्ष रखा।

गृह सचिव से मांगा हलफनामा

इसके अलावा चीफ जस्टिस की बैंच ने छत्तीसगढ़ राज्य के गृह विभाग के सचिव को मामले में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रतिवादी को नियमानुसार प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया जाने सहित राज्य अधिवक्ता को यह भी निर्देश दिया है कि वे उन्हें वर्तमान याचिका के लंबित रहने की सूचना दें।

गांवों में पहुंचे चीता ज्वाला और उसके चार बच्चे

श्योपुर। मप्र के श्योपुर जिले में कुनो राष्ट्रीय उद्यान से एक मादा चीता और उसके चार बच्चे भटककर सोमवार को निकटवर्ती गांवों में पहुंच गए। ग्रामीणों

ने इनका वीडियो रिकॉर्ड किया, जबकि जानवरों पर नजर रखने वाली वन टीम ने उन्हें जंगल की ओर भगाने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में चीता ज्वाला और उसके चार शावक वीरपुर तहसील क्षेत्र में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के पास नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ दूरी पर कई ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खड़े दिखायी दे रहे हैं। एक वीडियो में एक चीता एक बछड़े का शिकार करने की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने उसे भगा दिया।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

नागपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की अफवाह

नागपुर। नागपुर हाईकोर्ट परिसर में सोमवार शाम बम होने की धमकी मिलने के बाद वहां गहन तलाशी ली गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान हाई परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारी के मुताबिक, सदर पुलिस थाने को बम की धमकी के बारे में सूचना देने वाले जरीपटका निवासी को मामला दर्ज करने के बाद हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा, शाम पांच बजे बम निरोधक दस्ते और पुलिस के कई दलों ने हाईकोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली। इस दौरान वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। चिकित्सकों के अनुसार सदर थाने को सूचना देने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर है और मामले की जांच की जा रही है। महाराष्ट्र में बम की धमकी का ये दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले फरवरी में डिप्टी सीएमएकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसको लेकर गोरेगांव पुलिस को अज्ञात शख्स ने ईमेल भेजा था। इसमें शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इतना ही नहीं मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी इसी तरह की धमकी भरा मेल भेजा गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com